संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -157 रविवार ,09 अप्रैल 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अडानी से लिंक किए जाने पर भड़के असम के मुख्यमंत्री

## उन्होंने राहुल को कोर्ट घसीटने की की धमकी दी



**गुवाहाटी,08 अप्रैल 2023(ए)।** राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। असम के मुख्यमंत्री ने उनके खिलाफ लीगल एक्शन लेने की चेतावनी दी है। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने खुद को शालीन बताते हुए बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड का भी जिक्र किया।

असम मुख्यमंत्री हिमंत अडानी से लिंक किए जाने पर भड़क गए हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि वे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। राहुल को अदालत में घसीटने की चुनौती देते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने बोफोर्स घोटाले का भी जिक्र किया।

### बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड का जिक्र

बता दें कि असम के मुख्यमंत्री फायरब्रांड नेता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने शनिवार को राहुल गांधी के अडानी वाले ट्वीट के बाद बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड घोटालों का जिक्र किया। उन्होंने आपराधिक आय का हिसाब करने बात भी कही।

### आपराधिक आय के बारे में सवाल

बकौल सीएम हिमंत, यह हमारी शालीनता थी कि हमने आपसे बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड से हुई आपराधिक आय के बारे में कभी नहीं पूछा। उन्होंने सवाल किया कि अपराध की आय को कहां छिपाया गया है।

असम के मुख्यमंत्री ने राहुल को एक और लीगल एक्शन की चेतावनी देते हुए कहा, वैसे भी हम कोर्ट ऑफ लॉ में मिलेंगे। बता दें कि गुजरात की सूरत कोर्ट से फैसले के बाद राहुल को ललित मोदी भी ब्रिटेन की कोर्ट में घसीटने की चेतावनी दे चुके हैं।

### राहुल की सांसदी पर तलवार!

ये भी रोचक है कि गुजरात में बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी के अलावा कई और प्रदेशों में भी राहुल गांधी के खिलाफ अदालतों में मामले दर्ज कराए गए हैं। ऐसे में देखना रोचक होगा कि सांसदी बहाल होने पर अंतिम फैसला क्या होता है।

### कांग्रेस को डरने वाले नेता नहीं चाहिए

बता दें कि राहुल गांधी ने सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के अलावा चार और कांग्रेस नेताओं के नाम को अडानी के साथ लिंक करने का प्रयास किया। पहले भी राहुल आक्रामक लहजे में कहते रहे हैं कि कांग्रेस में डरने वाले लोगों की जरूरत नहीं।

### हिमंत कांग्रेस छोड़ने के बाद सीएम बन गए

ये भी रोचक है कि हिमंत बिस्वा सरमा पूर्वोत्तर भारत में कांग्रेस के बड़े लीडर माने जाते थे। युवा नेता के रूप में कभी टीम राहुल का अहम हिस्सा माने जाने वाले हिमंत ने जब बीजेपी का दामन थामा तो मुख्यमंत्री की कुर्सी तक जा पहुंचे।

# भारत आज रचेगा नया इतिहास

## » आज कोलकाता में शुरू होगा पहले अंडरवाटर मेट्रो का ट्रायल

**कोलकाता,08अप्रैल2023(ए)।** कोलकाता में अंडरवाटर मेट्रो का ट्रायल 9 अप्रैल से शुरू होगा। इसका काम पूरा हो गया है। ये देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो होगी। भारत की पहली अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन कोलकाता में बन रही है। जल्द ही इसका ट्रायल शुरू होने जा रहा। ये मेट्रो हुगली नदी के अंदर बने टनल से होकर गुजरेगी। अगर ये प्रोजेक्ट सफल रहा, तो देश में ट्रांसपोर्टेशन को लेकर नए बदलाव आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 9 अप्रैल को अंडरवाटर मेट्रो का ट्रायल शुरू होगा। कोलकाता ईस्ट-वेस्ट मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत पहले 2 छह कोच वाली ट्रेनें चलाई जाएंगी। इससे टनल की क्षमता समेत अन्य चीजों का परीक्षण होगा।

अधिकारियों के मुताबिक ये प्रोजेक्ट कुल 16.55 किलोमीटर लंबा है। जिसमें सेक्टर और सियालदह के बीच 9.30 किलोमीटर तक मेट्रो चालू है, बाकि 7.25 किमी लंबाई के जल्द ही शुरू होने की संभावना है। टनल का काम पूरा हो चुका है। अब बस इसके ट्रायल के नतीजों का इंतजार है।





### ऐसे समझें पूरा प्रोजेक्ट

हुगली नदी में एक टनल बनाई गई है। ये नदी के तल से 13 मीटर और जमीन के स्तर से 33 मीटर नीचे है। इसका आंतरिक ब्यास 5.55 मीटर और बाहरी व्यास 6.1 मीटर रखा गया है। वहीं अप और डाउन टनल के बीच की केंद्र से दूरी 16.1 मीटर होगी।

### 45 सेकंड में 520 मीटर की दूरी

नदी के अंदर जो टनल बनी है, जिसमें 520 मीटर की दूरी कोलकाता मेट्रो महज 45 सेकेंड में तय करेगी। नदी के नीचे हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड के बीच का हिस्सा इस साल के अंत तक चालू होने की उम्मीद है। ये उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (ब्लू लाइन) के साथ एस्प्लेनेड पर एक इंटरचेंज प्वाइंट प्रदान करेगी। एक बार शुरू हो जाने के बाद हावड़ा मेट्रो स्टेशन दुनिया के सबसे गहरे मेट्रो स्टेशनों में से एक होगा, जो जमीन से 30 मीटर नीचे है।

### ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर में कितने स्टेशन?

इस रूट में कुल 12 स्टेशन हैं - हावड़ा मैदान, हावड़ा स्टेशन परिसर, बीबीडी बाग (महाकरण), एस्प्लेनेड, सियालदह, फूलबागान, साल्ट लेक स्टेडियम, बंगाल केमिकल, सिटी सेंटर, सेंट्रल पार्क, करुणामयी और साल्ट लेक सेक्टर-6।

### हावड़ा से सियालदह पहुंचने में आसानी

अभी अगर आप हावड़ा से सियालदह जाते हैं, तो घंटेभर से ऊपर लग जाएगा। ट्रैफिक ज्यादा होने पर समय भी बढ़ सकता है, लेकिन मेट्रो से ये दूरी महज 45 मिनट में तय की जाएगी।



# पीएम मोदी ने हैदराबाद में वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

## मुख्यमंत्री केसीआर से केंद्र की योजना को नहीं रोकने का किया आग्रह

**हैदराबाद,08अप्रैल2023(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शनिवार को तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा तेलंगाना में 11300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

हैदराबाद में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्ण समर्पण के साथ लोगों की सेवा करना हमारा पहला लक्ष्य है। लेकिन मैं तब निराश हो जाता हूं, जब केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजना को राज्य सरकार की ओर से बाधा उत्पन्न की जाती है। बाधाओं के चलते राज्य में विकास सही से नहीं हो पा रहा है। यही चीज तेलंगाना में भी हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं तेलंगाना सरकार से ऐसा नहीं करने का आग्रह करता हूं। साथ ही राज्य के विकास के लिए योजनाओं में बाधा न लगाने का भी निवेदन करता हूं। जिससे राज्य विकास के मामले में पिछड़ा न रह सके। राज्य को समृद्धि से वंचित न किया जा सके।

पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि केंद्र की परियोजनाओं में राज्य सरकार के असहयोग से हमें पीड़ा होती है। इससे तेलंगाना के लोगों के सपनों पर असर पड़ता है।

मैं राज्य सरकार से अपील करता हूं कि तेलंगाना के लोगों के लिए जो भी योजना बनाई जा रही है, उसमें किसी तरह की बाधा नहीं आने दी जाए। एनडीए सरकार तेलंगाना में नागरिकों के सपनों को पूरा करना अपना कर्तव्य समझती है।

वहीं, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। केसीआर ने अपनी अनुपस्थिति में पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव को बेगमपेट हवाई अड्डे पर पीएम मोदी की अगवानी करने का निर्देश दिया। केसीआर को प्रोटोकॉल के तहत न्योता भेजा गया था। लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया।

# लिट्टे को फिर से खड़ा कर रहे रैकेट का भंडाफोड़

## » एनआईए ने चेन्नई में एक को पकड़ा

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2023 (ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहे भारत-श्रीलंका के अवैध ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले रैकेट पर छापेमारी की है। चेन्नई में संदिग्धों के कई स्थानों पर छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने छापे के दौरान भारी मात्रा में नकदी, सोने के बिस्कुट, डिजिटल डिवाइस, ड्रग्स और दस्तावेज के साथ-साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की। एजेंसी ने जुलाई 2022 में रैकेट की जांच शुरू की। अब तक एनआईए ने मामले में 14 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में पूरे तमिलनाडु में 21 जगहों पर छापेमारी कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।



मामले की जांच से पता चला है कि श्रीलंका में ड्रग्स और हथियारों तस्करी से होने वाली आय हवाला एजेंटों के माध्यम से भारत में प्राप्त हुई थी, इसमें चेन्नई का शाहिद अली भी शामिल था। यह भी पाया गया कि हवाला का लेन-देन मन्नदी, चेन्नई में स्थित होटलों और व्यवसायों के माध्यम से किया गया था। गुरुवार की जब्ती में शाहिद अली की दुकान से 68 लाख रुपये भारतीय मुद्रा और 1,000 सिंगापुरी डॉलर, सोने के नौ बिस्कुट (कुल 300 ग्राम) शामिल हैं। एनआईए ने चेन्नई के होटल ऑरेंज पैलेस से भारतीय मुद्रा में 12 लाख रुपये भी बरामद किए। गुरुवार की तलाशी के बाद गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान अय्यप्पन नंदू के रूप में हुई है। वह एक श्रीलंकाई शरणार्थी और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मुहम्मद अस्मीन की ओर से नशीली दवाओं के व्यापार का प्रबंधन करता है। उसने ड्रग्स और हथियारों के व्यापार के माध्यम से लिट्टे को पुनर्जीवित करने के लिए अन्य अभियुक्तों के साथ साजिश रची।

# राहुल गांधी फिर फंसे मुश्किल में

## बीएसएनएल ने बंद की राहुल गांधी के ऑफिस की इंटरनेट-टेलीफोन सेवा

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2023 (ए)।** लोकसभा सांसद सदस्य से अयोग्य घोषित करने के बाद अब भारत संचार निगम लिमिटेड ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ा झटका दिया है। बीएसएनएल ने राहुल गांधी के वायनाड स्थित कार्यालय में मुफ्त इंटरनेट कनेक्शन और टेलीफोन सेवा बंद कर दी है। फोन नंबर 04936 209988 और कालपेट्टा में कैनाटी कार्यालय में इंटरनेट कनेक्शन काट दिया गया। बीएसएनएल के अधिकारियों ने कहा कि बीएसएनएल के दिल्ली स्थित कार्यालय के निर्देश के मुताबिक कार्रवाई की गई है।

मानहानि के मामले में सूरत की अदालत ने राहुल गांधी को दो साल की कैद की सजा सुनाई है। इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी को संसद सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया है। बता दें कि मोदी सरनेम मानहानि मामले में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट से फिलहाल राहत मिली है। अदालत ने उनकी जमानत को 13 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है।




राहुल की सजा के खिलाफ चुनौती पर अब 3 मई को अगली सुनवाई होगी। राहुल गांधी आज अपनी सजा को चुनौती देने सूरत सेशन कोर्ट पहुंचे थे। अदालत से निकलने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि ये मित्रकाल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसरा है।

पार की हदें,

### कांग्रेस नेता ने कहा राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज की जीभ काट देंगे

राहुल गांधी को सजा देने वाले जज को लेकर एक कांग्रेस नेता ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उक्त कांग्रेस नेता का नाम मणिकंदन है। मणिकंदन ने कहा कि जब हमारी सत्ता आएगी हम राहुल गांधी को जेल भेजने के लिए फैसला सुनाने वाले जज की जीभ काट देंगे। इस बयान को लेकर मणिकंदन के खिलाफ आईपीसी 153बी सहित तीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने मणिकंडा की टिप्पणी पर कांग्रेस की खिंचाई की और कहा कि अदालतों को राहुल गांधी को न्यायपालिका को धमकी देने वाले पार्टी के लोगों के लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए। बता दें कि 4 अप्रैल को राहुल गांधी गांधी को मामले में सूरत की एक सत्र अदालत ने जमानत दे दी थी।

# 1000 करोड़ के स्टूडियो पर चला बुल्डोजर

## रामसेतु,आदिपुरुष जैसी फिल्मों की हुई है यहां शूटिंग



**मुंबई,08अप्रैल 2023(ए)।** यहां मड आइलैंड में बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने 1000 करोड़ के स्टूडियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए समुद्र किनारे पर बने इस स्टूडियो पर बुलडोजर चला दिया। इस मामले की शिकायत बीजेपी के नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने की थी। इस स्टूडियो में रामसेतु, आदिपुरुष जैसी कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग भी हुई थी।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराष्ट्र के पर्यावरण मंत्रालय और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका को अवैध स्टूडियो के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद ही बीएमसी ने यह कार्रवाई की है। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि अस्थाई स्टूडियो बनाने की अनुमति दी गई थी। इस अनुमति का दुरुपयोग करते हुए स्थायी स्टूडियो बनाया गया। इसलिए यह स्टूडियो अवैध है।

# महाराष्ट्र में फिर बड़ा सियासी संकट!

## » अजित पवार फिर 'गायब'- सारे कार्यक्रम रद्द

**मुंबई,08अप्रैल 2023(ए)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजित पवार के फिर से 'गायब' होने की खबरें आ रही हैं। उन्होंने अपने सारे आधिकारिक कार्यक्रम रद्द कर दिए और काफिला भी छोड़ दिया। इससे पहले 2019 में भी ऐसा किया था, उस वक्त उन्होंने बीजेपी के साथ गठबंधन कर सरकार बना ली थी। हालांकि, पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है और बताया है कि वह पुणे में ही हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अजित ने शुक्रवार और शनिवार के पुणे में होने वाले सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। इसके अलावा कयास लगाए जा रहे हैं कि वह एनसीपी के कुछ विधायकों के साथ संपर्क से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी के कुछ विधायक भी गायब हैं। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अजित की तरफ से दिए गए ताजा इंटरव्यू और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अयोध्या दौरे के बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल ही में



अजित ने खुलासा किया था कि एनसीपी प्रमुख और कुछ अन्य लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को इस तरह की संभावित बगावत की चेतावनी थी, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया था। वह ठाकरे की अगुवाई वाली महाविकास अघाड़ी सरकार में उप मुख्यमंत्री भी रहे थे।

हाल ही में पवार ने एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री का मुद्दा उठाया था और कहा था कि इसके बारे में पूछना उचित नहीं है। उन्होंने कहा था, '2014 में क्या लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को डिग्री के आधार पर वोट दिया था? यह उनका व्यक्तित्व था, जिसने उन्हें चुनाव जिताने में मदद की।' उन्होंने कहा, 'वह 9 सालों से देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी डिग्री के बारे में पूछना उचित नहीं है। हमें उनसे महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सवाल पूछने चाहिए।'

उन्होंने आगे सवाल किया, 'अगर हमें उनकी डिग्री पर सफाई मिल जाएगी, तो क्या महंगाई कम हो जाएगी? क्या उनकी डिग्री के बारे में जानकर लोगों को नौकरी मिल जाएगी?'

खास बात है कि सीएम शिंदे भी अयोध्या जा रहे हैं। सीएम बनन के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा होगा। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि उनके साथ 5 हजार शिवसैनिक भी जा सकते हैं। वह शनिवार शाम राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे और यूपी के समकक्ष योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे।

# जब नशे में धुत यात्री खोलने लगा उड़ते प्लेन का इमरजेंसी गेट

**नई दिल्ली,08 अप्रैल 2023 (ए)।** उड़ानों के दौरान नशे में धुत यात्रियों द्वारा गलत व्यवहार करने के खबरें लगातार सामने आती रहती हैं। ऐसी ही एक घटना हुई, जब नशे में धुत एक पैसेंजर ने इंडिगो की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट के हवा में रहते ही इमरजेंसी दरवाजे के फ्लैप को खोलने की कोशिश की। उसकी इस हरकत को देखते ही क्रू मेंबर ने इसकी सूचना विमान के कैप्टन को दी। कैप्टन ने मौके पर ही उस शख्स को चेतावनी दी। इसके बाद जब विमान बेंगलुरु एयरपोर्ट पर लैंड कर गया तो उस शख्स को सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया।



इंडिगो की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'दिल्ली-बेंगलुरु इंडिगो उड़ान के इमरजेंसी दरवाजे के फ्लैप को कथित तौर पर खोलने की कोशिश करने के लिए नशे में धुत एक 40 वर्षीय यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' विज्ञप्ति के मुताबिक ये घटना सुबह करीब सात बजकर 56 मिनट पर आईजीआई हवाईअड्डे से उड़ी उड़ान संख्या 6ई 308 में हुई। इस पूरी घटना का विवरण देते हुए इंडिगो ने कहा कि 'दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली उड़ान 6ई 308 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने नशे की हालत में इमरजेंसी निकास के फ्लैप को खोलने की कोशिश की।'

इंडिगो एयरलाइंस ने अपने बयान में कहा कि 'इस हरकत को नोटिस करने के बाद बोर्ड पर मौजूद चालक दल ने कप्तान को सतर्क किया और यात्री को तत्काल उचित रूप से सावधान किया गया। उस उड़ान के सुरक्षित संचालन पर कोई समझौता नहीं किया गया।' बेंगलुरु पहुंचने पर यात्री को सीआईएसएफ को सौंप दिया गया है। मामले की आगे की जांच चल रही है।

# भीषण सड़क हादसे में छह की मौत

**बलरामपुर ,08अप्रैल 2023 (ए)।** उत्तरप्रदेश के बलरामपुर जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। कार और ट्रक के बीच भिड़ंत होने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र स्थित देवरिया बिशंभरपुर के पास हुई। मृतक परिवार देवरिया जिले का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक सोनू साहू परिवार के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से नैनीताल गया था। लौटते वक्त उनकी कार देवरिया बिशंभरपुर के पास एक ट्रक से टकरा गई। कार में सवार सभी 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।



## संपादकीय

### यह सरकारी नीति है ?

हाल के वर्षों में सरकारी एजेंसियां सिर्फ विपक्ष पर कार्रवाई करती नजर आई हैं। इस धारणा में भी दम है कि जैसे ही कोई कथित भ्रष्ट छवि का नेता सत्ताधारी दल से जुड़ता है, उसके खिलाफ पहले चल रही कार्रवाई पर विराम लग जाता है।

अगर देश में भ्रष्टाचार की समझ पर सहमति होती और उसके खिलाफ सरकार की लड़ाई पर सबको भरोसा होता, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीबीआई के समारोह में दिए गए भाषण से देश में आश्वासन का बोध जगता। लेकिन मौजूदा माहौल में इससे विपक्षी खेमों में आशंका बढ़ेगी। इसे इस बात का संकेत माना जाएगा कि केंद्रीय एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई को एक सरकारी नीति का रूप दे दिया गया है। ऐसी धारणा इसलिए है, क्योंकि हाल के वर्षों में ये एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर ही कार्रवाई करती नजर आई हैं। इस धारणा में भी दम है कि जैसे ही कोई कथित भ्रष्ट छवि का नेता सत्ताधारी दल से जुड़ता है, उसके खिलाफ पहले चल रही कार्रवाई पर विराम लग जाता है। भ्रष्टाचार उन आरोपों का कुछ अता-पता नहीं चलता, जो भारतीय जनता पार्टी के शासन में लगे हैं। मसलन, इस मामले पर गौर कीजिए।

हाल में आई एक खबर के मुताबिक दो साल पहले तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के काजीरंगा दौरे के लिए बाघ संरक्षण कोष और एक अन्य वन्यजीव कोष से 1.64 करोड़ की रकम खर्च की गई। इसमें से एक दिन में करीब 50 हजार रुपए तो महज चाय पर ही खर्च हुए। बीते नवंबर में पशु अधिकार कार्यकर्ता रोहित चौधरी की ओर से आरटीआई के तहत दायर एक याचिका के जवाब में पार्क के निदेशक ने बताया था कि राष्ट्रपति और उनकी टीम के दो-दिवसीय काजीरंगा दौरे पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम खर्च हुई थी। असम सरकार ने बीते रविवार को बाघ संरक्षण और दूसरे मद के पैसों को राष्ट्रपति के दौरे पर खर्च करने के आरोपों की जांच के आदेश दे दिए हैं। क्या बेहतर नहीं होगा कि यह जांच सीबीआई को सौंप दी जाए और सीबीआई उसी उत्साह से इस खर्च की जवाबदेही तय करने की दिशा में कदम उठाए, जैसा वह गैर-भाजपा शासित राज्यों में करती है? दरअसल, यह तो सिर्फ ताजा मामला है। ऐसी खबरें अक्सर आती हैं, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों की नजर उन पर नहीं जाती। इसीलिए प्रधानमंत्री का बयान समस्याग्रस्त है। इससे केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका और उनकी कार्रवाई पर संदेह और बढ़ेगा।

# विपक्षी पार्टी के लिए सिर्फ गठबंधन पर्याप्त नहीं है

अभी तक विपक्षी पार्टियों का गठबंधन तय नहीं हुआ है। उसकी एक मोटी रूप-रेखा उभर रही है लेकिन उसे अंतिम नहीं माना जा सकता है। राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सजा होने और लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने के तात्कालिक दबाव में विपक्ष ने कांग्रेस के प्रति जो सद्भाव दिखाया है वह कितना टिकाऊ है, यह नहीं कहा जा सकता है। हां, यह जरूर है कि उस घटना ने विपक्ष को एक प्लेटफॉर्म पर लाने की पहल को तेज कर दिया है। लेकिन सवाल है कि क्या विपक्ष एक प्लेटफॉर्म पर आ जाए और एक दर्जन या डेढ़ दर्जन पार्टियों का गठबंधन बन जाए तो उससे भाजपा को हराया जा सकेगा?इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसा होने पर भाजपा से लड़ने की विपक्ष की ताकत बढ़ जाएगी लेकिन सिर्फ उसके दम पर भाजपा को हरा देना संभव नहीं है। पिछले चुनाव के आंकड़ों का जिन लोगों ने भी बारीकी से विश्लेषण किया है उनको पता है कि विपक्ष का मजबूत गठबंधन कुछ राज्यों में भाजपा की सीटें कम कर सकता है लेकिन सिर्फ उसके दम पर हरा कर सत्ता से बाहर कर देना मुश्किल है।

पिछले लोकसभा चुनाव में देश के 11 बड़े राज्यों में भाजपा को 50 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले थे। इन 11 राज्यों में कहीं कांग्रेस से सीधा मुकाबला था, कहीं कुछ और पार्टियां भी थीं, कहीं गठबंधन था और कहीं सभी पार्टियां अपने अपने दम पर लड़ी थीं। लेकिन हकीकत यह है कि बाकी सभी पार्टियों का साझा वोट 50 फीसदी से कम था। तीन राज्यों- गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को 60 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। पांच राज्यों- राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, हरियाणा और दिल्ली में 55 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इन आठ राज्यों के अलावा कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। उत्तर प्रदेश में 49.98 यानी ठीक 50 फीसदी वोट मिले। महाराष्ट्र में शिव सेना का गठबंधन था और इस गठबंधन को 51.36 फीसदी वोट मिले थे। अगर महाराष्ट्र को छोड़ दें तो बाकी 11 राज्यों में लोकसभा की 225 सीटें हैं, जिनमें से 202 सीटें भाजपा ने जीती थीं। अगर इस गणित के हिसाब से देखें तो इन राज्यों में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर लड़ी होतीं तब भी संभव है कि भाजपा को इतनी ही सीटें मिलतीं। तभी यह मानना एक तरह की गलतफहमी पालना है कि अगर विपक्षी पार्टियों ने गठबंधन बना लिया या सभी सीटों पर भाजपा के मुकाबले विपक्ष का भी एक ही उम्मीदवार हुआ तो भाजपा को हराया जा सकता है। देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्से में भाजपा की स्थिति ऐसी है कि सिर्फ विपक्ष के एकजुट हो जाने भर से उसको नहीं हराया जा सकेगा। ज्यादातर पार्टियां खास कर उत्तर और पूर्वी भारत की प्रादेशिक पार्टियां इस बात को नहीं समझ रही हैं। डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस स्थिति को समझा है और तभी उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाने के साथ साथ एक साझा एजेंडा तय करने की भी पहल की है। उन्होंने इस बात को समझा है कि विपक्षी पार्टियों के एक साथ आने के जितना ही यह भी जरूरी है कि विपक्ष के पास भाजपा से मुकाबले का एक सैद्धांतिक आधार हो। यह समझने की जरूरत है कि किसी भी बड़ी लड़ाई के लिए एक अच्छा सिद्धांत होना जरूरी है।

स्टालिन ने इसके लिए अपने एक संगठन ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस की ओर से सामाजिक न्याय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। मीडिया में इस सम्मेलन की रिपोर्टिंग विपक्ष को एकजुट करने के प्रयास के तौर पर ही हुई। लेकिन असल में यह सम्मेलन एजेंडा तय करने का था। यह बड़ी दूरदृष्टि के साथ आयोजित कार्यक्रम था। विपक्षी पार्टियां जब साथ आ जाएंगी तो वे किन मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी, यह सम्मेलन उन मुद्दों पर विचार के लिए था। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के एजेंडे को चुनौती देने वाले कौन से मुद्दे हो सकते हैं, जिन पर नागरिकों को सोचने के लिए मजबूर किया जा सकता है, उन मुद्दों पर इस सम्मेलन में विचार हुआ। हालांकि उत्तर भारत के ज्यादातर नेता मोटा-मोटी बातें करते रहे और भाजपा व आरएसएस पर हमला करने तक सीमित रहे लेकिन खुद स्टालिन और राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने बारीकी से उन मुद्दों का जिक्र किया, जिनके आधार पर भाजपा को मजबूत चुनौती दी जा सकती है।

स्टालिन ने एक बहुत बड़ी बात कही। उन्होंने आर्थिक आधार पर सवर्णों के आरक्षण का मुद्दा उठाया और कहा कि इससे सामाजिक न्याय नहीं सुनिश्चित होता है। ध्यान रहे इस कानून पर देश की लगभग सभी पार्टियां सहमत हैं और जहां विपक्षी पार्टियों का राज है वहां भी इसे खुशी खुशी लागू किया गया है। लेकिन स्टालिन ने इसका अध्याय फिर खोल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ग की बजाय वर्ण यानी जाति ही सामाजिक न्याय की किसी भी योजना का आधार हो सकती है। उनका तर्क था कि कोई अमीर व्यक्ति गरीब हो सकता है, कोई गरीब व्यक्ति अमीर बन सकता है, कोई व्यक्ति अपनी अमीरी छिपा कर गरीब बना रह सकता है लेकिन जाति की वजह से जो छुआछूत और भेदभाव है वह नहीं बदलता है। उनका जोर एक्सक्लूजन पर था। उन्होंने कहा कि समाज और व्यवस्था दोनों समावेशी नहीं हैं। सो, अगर अगले चुनाव में विपक्ष सामाजिक न्याय और आरक्षण को मुद्दा बनाता है तो यह उसका प्रस्थान बिंदु है।

सामाजिक न्याय के सम्मेलन में संघवाद, राज्यों की स्वायत्तता, धर्मनिरपेक्षता, समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय को लेकर स्टालिन ने विस्तार से बात की। अब तक इन मुद्दों पर टुकड़ों टुकड़ों में बात हो रही थी। पहली बार इतने व्यवस्थित तरीके से देश की 16 पार्टियों के नेताओं की मौजूदगी में इन पर चर्चा हुई। विपक्षी पार्टियां इस बात पर सहमत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले सहकारी संघवाद की बात करते हैं लेकिन केंद्र की नीतियों की वजह से राज्यों की शक्तियों का ह्रास हो रहा है। सो, राज्यों की स्वायत्तता को लेकर कोई नई मसौदा नीति विपक्ष की पार्टियों के लिए मददगार हो सकती है। इसी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पिछले कुछ समय से धर्मनिरपेक्षता को देश और हिंदू विरोध माना जाने लगा है। उस मिथक को तोड़ने का प्रयास विपक्षी पार्टियों को करना चाहिए। केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से देश में आर्थिक असमानता पैदा हुई है। आजादी के बाद कभी भी ऐसी विषमता नहीं रही है। विपक्ष अगर इस बारे में सिद्धांत तय करे कि राष्ट्रीय संसाधनों का अधिकतम समानता के साथ इस्तेमाल होगा और उसका मकसद हर व्यक्ति को हिस्सेदार बनाने का होगा तो यह एक बड़ी वैकल्पिक नीति हो सकती है। राजद नेता मनोज झा ने जाति आधारित जनगणना का मुद्दा उठाया और इस बात पर जोर दिया कि इसके बगैर सामाजिक न्याय की नीतियों पर सफलतापूर्वक अमल संभव नहीं है। उनका सुझाव था कि जब भी जनगणना हो तो जातियों की गिनती के लिए दबाव बनाया जाए और नहीं तो विपक्ष इसका बहिष्कार करे। यह सामाजिक न्याय की सबसे पहली जरूरत बताई गई लेकिन अगर वोट की राजनीति के लिहाज से भी देखें तो यह विपक्ष का कारगर हथियार हो सकता है। सो, स्टालिन की पहल पर विपक्ष अगले चुनाव का एजेंडा तय करता दिख रहा है। एकजुट होने के साथ साथ अगर जरूरी मसलों पर वैकल्पिक दृष्टि के साथ अगर साझा सिद्धांत भी तय होता है तो उससे भाजपा को चुनौती मिलेगी।

**अजीत द्विवेदी**

# निरंकुश उन्मुक्तता को कैसे थामें

धर्म और संस्कार की नींव पर खड़ा हिंदुस्तानी समाज एक तहजीब और संस्कारी,शिष्ट गिना जाता रहा हैं। एक मर्यादा वाले समाज को नारी मुक्ति और नारी सशक्तिकरण के नाम से




अमर्यादित राहों पर आयोजन पूर्वक उन सुलक्षणों से बाहर निकाल नैतिक पतन की और जबरन घसीटा जा रहा हैं।क्या दोस्ती के नाम पर लड़कों से शारीरिक संबंध रखना वाजिब हैं? जिससे वह दोनों उन्मूमुक्त महीनों के या सालों के लिए साथ रह दूसरे की तलाश में निकल पड़ते हैं।उन्हे आधुनिक बनजारें कहा जाना चाहिए।लेकिन बंजारों में भी कुछ नियम कानून हुआ करते हैं। सेक्स को प्राधान्य दिया जाने लगा जो प्रवृत्ति पशुओं में भी नहीं हैं ( पशुओं में संवानन काल में ही नर और नारी पशु मिलते हैं )उसे मानव में उजागर करने के लिए फिल्म,सम्यिकों अब तो टीवी और ओ टी टी प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा हैं।यहां तक कि विज्ञापनों में भी यही कुछ दखया जा रहा हैं। विज्ञापन चाहे किसी चीज का हो उसमें छोटे कपड़ों वाली लड़की का होना आवश्यक बी बन जाता हैं।जहां नशा बेफाम,सेक्स बेफाम,बड़ों की इज्जत न कर उनसे जबान लडानी आदि सब श्रव्य और दृश्य माध्यमों से दिन रात देखने के बाद अपने युवा और बच्चे क्या सिख पाएंगे ये सोच दिल दहल जाता हैं।

विवाह जैसे सामाजिक संस्कार और कौटुंबिक व्यवस्था की खुल्ले आम धज्जियां लिव इन रिलेशनशिप के तहत उड़ाई जा रही हैं। कौन और कैसे बचा पाएगा अपने संस्कार और शिस्त को इस पतन से।उन्मुक्तता तो मन की संयमित भावनाओं को कहा जा सकता हैं।नहीं कि बदचलनी के आलम को।

इस अवनीति को रोकने के लिए माता पिता खुद को अपने आप को बदलना पड़ेगा।संयुक्त परिवार ने रह कर बच्चों को दादा दादी के प्यार भरे अनुशासन में बढ़ने से संस्कारों का निरूपण हो पाएगा।खुद को स्वतंत्र रहना हैं तो बच्चें स्वच्छंद ही बनेंगे।

थोड़ा धर्म ध्यान करने वालें भी धर्म में कही बातों को लक्ष में रख खुद ही स्वनियंत्रित रह पाएंगे।



**जयश्री बिर्मी**
अहमदाबाद
गुजरात

## याद आयेंगे लम्हात बहुत

मालुम न था के आँखों से होगी
कभी बरसात बहुत,
वो रुठ गया, पता न था, याद
आयेंगे लम्हात बहुत,
अनजान राहों के थे मुसाफिर कभी
मैं भी तुम भी,
चलते चलते राह में आगये जुदाई
के तूफ़ान बहुत,
सदाएँ हर तरफ अब भी तेरी सुनाई
देती हैं, मुझे,
बेगाना मैं, इस तरह बह जाएंगे मेरे
अरमान बहुत,
मुहब्बत के चराग़ अचानक जल
उठे दीदार जे तेरे,
फ़िर सफ़र ज़िंदगी का क्यूं
होगया सुनसान बहुत,
ढूंढा ,किया तलाश गली गली
आवाज़ भी दी तुझको,
तुझसा न मिला इंसान ,लोग थे
यहाँ मुश्ताक़ बहुत,



**डॉ. मुश्ताक़ अहमद शाह,** सहज़
हरदा
मध्यप्रदेश,

## जो धड़कनों में गूंजता

जो धड़कनों में गूंजता,वो साज हो तुम्हीं।
ख़ामोश जिंदगी की, आवाज हो तुम्हीं।
तारों से सजी शब है ,नज़ारे हैं ख़्वाब से,
समां सुहाने का हसीं आगाज़ हो तुम्हीं।
कब से सजी है अंजुमन, है एहतराम भी
आजाओ के अशआर के अल्फ़ाज़ हो तुम्हीं।
होने लगी है रौशन, शमा भी चांद सी ,
इसके तसव्वुर की अदा अंदाज़ हो तुम्ही।
मेरे मीत मेरे साजन, ढलने को है पहर ,
बुझते दिले नाशाद के, हमराज़ हो तुम्हीं



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

## अपना

बहुत दिनों की बात हुई
मैंने एक देखा था सपना
हाथों में थामे हाथ मेरा
तुमसा कोई देखा था अपना
सब कहते थे मुझसे, सपने
कभी कहाँ पूरे होते हैं?
रह जाती आस कोई बाकी
कई अरमान अधूरे होते हैं
ये दुनियादारी की बातें
जिनको दिल झुठलाता आया
ऐ काश! कि ऐसा हो जाए
दिल मुझको भरमाता आया
मैं सोच में डूबी बैठी थी
जब सामने से तुम आए थे
वो रूप तुम्हारा देवों सा
लब ज़रा ज़रा मुस्काए थे
जुड़ने में एक न पल चूके
रिश्ता जन्मों जन्मांतर का
मानो सदियों से मिलन था ये
बस भेद था एक कालांतर का
बहुत दिनों की बात हुई
जो मैंने देखा था सपना
मेरा हाथ है अब उन हाथों में
बन गया है वो मेरा अपना



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## नीर भी हाला हो जाए

मृगनयनी, छू लो तुम,
नीर भी हाला हो जाए।
तेरे सुर्ख अधरों के प्याले
मधुशाला हो जाए।
कजरारें नैनों से छलके,
प्रणय के सागर
हर चंचल मन, बावरा,
मतवाला हो जाए।
देह बनी साधक,
मन साधना की परिभाषा,
अधरों की मंद मंद
मुसकान माला हो जाए।
है चाह ,ऐसे गढ़ूं,
नित माटी के पावन दिये,
जग में चहुँ और
धवल उजाला हो जाए।
मै ही बनूँ मनमोहन,
और मै ही बृजबाला,
आज तन मन मेरा
सागर शिवाला हो जाए।



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

# ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए एक उमंग

सन 2004 में नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर डॉ. रणजीत सिंह फुलिया ग्रामीण क्षेत्रों के, विशेषकर हरियाणा और आस - पास के छह राज्यों -- राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश के 700 से अधिक सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्रों को पढ़ाने और मार्गदर्शन देने का काम कर चुके हैं। डॉ. रणजीत विद्यार्थियों को अंग्रेजी व्याकरण, अंग्रेजी बोलचाल, संप्रेषण कला के विभिन्न पहलू, सामान्य ज्ञान, इतिहास,भूगोल और भारत की राजनीतिक प्रणाली पर मार्गदर्शन भी देते हैं, ताकि छात्रों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जा सके। ऐसे विशेषज्ञ और निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले शिक्षक के रूप में आपकी निश्शुल्क सेवाएं विशेषकर ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को एक नए उमंग- उत्साह और जज्बे से सराबोर कर रही हैं।

सन 1958 में, गांव अटावला, जिला पानीपत, हरियाणा में जन्मे डॉ. रणजीत सिंह फुलिया एक शिक्षाविद, लेखक और समाज सेवक हैं। आपने मुख्यतः सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण की। आपके पिताजी का नाम श्री संत राम और माताजी का नाम श्रीमती भारती देवी था। दोनों ही भारतीय संस्कृति के उदात्त स्वरूप तथा मानवीय मूल्यों में गहरी आस्था रखते थे तथा उन्होंने बच्चों को भी ऐसे ही श्रेष्ठ संस्कार दिए।

आपका परिवार आर्य समाज की विचारधारा से प्रभावित था और संत-शिरोमणि सतगुरु रविदास, सद्गुरु कबीर आदि महापुरुषों की शिक्षाओं पर चलकर, अंधविश्वास तथा पाखंड से दूर था। बालक रणजीत बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि थे और पढ़ाई में बहुत रुचि रखते थे। आपने गांव के सरकारी स्कूल से मिडिल परीक्षा पास की और पड़ोसी गांव अदियाना के उच्च विद्यालय से मैट्रिकुलेशन परीक्षा प्रथम श्रेणी में और प्रथम रहकर पास की। आर्य कॉलेज, पानीपत से स्नातक की पढ़ाई करते हुए भी आप पूरे करनाल जिले में प्रथम या द्वितीय स्थान पर रहते थे तथा अनेक बार सम्मानित भी हुए।

आगे एमए की पढ़ाई के लिए बड़े भाई डॉक्टर राज रूप फुलिया के पास नई दिल्ली चले गए। दिल्ली विश्वविद्यालय से एम. ए. की पढ़ाई करते हुए ही आपने प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर सन 1980 में इन्डियन एयरलाइन्स में ट्रैफिक असिस्टेंट की नौकरी कर ली, जहां स्व. राजीव गांधी जी (तत्कालीन पायलट, बाद में भारत के प्रधान मंत्री बने) के सहकर्मी रहे। आपके सबसे बड़े भाई अनूप सिंह भारतीय वायु सेना में कार्यरत थे। बड़े भाई डॉक्टर राज रूप फुलिया सन 1980 में यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा पास कर इंडियन इकोनॉमिक सर्विस, सन 1981 में आईआरपीएस और फिर सन 1983 में आईएएस अधिकारी बन गए और अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा के पद से सेवानिवृत्त हुए। रणजीत जी सन 1982 में प्रतियोगी परीक्षा पास कर, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी में प्रथम श्रेणी अधिकारी नियुक्त हुए और वरिष्ठ शाखा प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। बाईस वर्ष सेवा करने के बाद, सन 2004 में नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर आप ग्रामीण क्षेत्रों के, विशेषकर हरियाणा और आस - पास के छह राज्यों -- राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश के 700 से अधिक सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्रों को पढ़ाने और मार्गदर्शन देने का काम कर चुके हैं। डॉ. रणजीत विद्यार्थियों को अंग्रेजी व्याकरण, अंग्रेजी बोलचाल, संप्रेषण कला के विभिन्न पहलू, सामान्य ज्ञान, इतिहास,भूगोल और भारत की राजनीतिक प्रणाली पर मार्गदर्शन भी देते हैं, ताकि छात्रों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जा सके।

डॉ. रणजीत जी दिल्ली विश्वविद्यालय से अनुवाद में डिप्लॉमा ( गोल्ड मेडलिस्ट) और भारतीय विद्या भवन से पत्रकारिता डिप्लोमा धारक हैं। इन्होने सन 2015 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से ÷हरियाणा में वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा प्रशासन÷ पर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में *पीएच. डी.* की डिग्री भी प्राप्त की है। आप अंग्रेजी की अंतरराष्ट्रीय पत्रिका *द वर्ल्ड रिन्यूअल* के सह - संपादक हैं और आप द्वारा लिखित एक सौ से अधिक लेख , साक्षात्कार, कविताएं आदि प्रतिष्ठित पत्र -पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। आप द्वारा छह पुस्तके अनूदित/संपादित होकर छप चुकी हैं।

विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में ज्ञान बढाने के उद्देश्य से डॉ. रणजीत जी ने अनेक टेस्ट पेपर तैयार किए हैं जिनके द्वारा छात्रों की बुद्धिमत्ता का आकलन करने के बाद, शैक्षिक पुस्तकों , शब्दकोशों, व्याकरण और सामान्य ज्ञान पर पुस्तकों आदि के रूप में वे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली,राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व मध्य प्रदेश के 700 से अधिक स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों जैसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महाविद्यालय और विद्यालय (सरकारी तथा निजी) आदि में दस हजार से अधिक छात्रों को सम्मानित कर चुके हैं। ये सभी स्वैच्छिक और निश्शुल्क प्रयास , ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को अभूतपूर्व उमंग और उत्साह प्रदान करते हैं।

हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्र में खोले गए अनेक पुस्तकालयों में भी विद्यार्थियों को निश्शुल्क मार्गदर्शन देते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी स्वैच्छिक और निश्शुल्क सेवाओं के कारण आपको अनेक विद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, जैसे *-÷फिफ्टी विलेजर्स सेवा संस्थान÷* और *÷कलाम आश्रम÷,* बाड़मेर, *÷टर्निंग प्वॉइंट* ÷ तारानगर, *नवोदय क्रांति* और *मंथन* ( दोनों सरकारी शिक्षकों के स्वैच्छिक समूह) तथा *प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट, नारनौल* द्वारा सन 2021 में *÷उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान÷*। अनेक विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा भी आपको सम्मानित किया गया है।

डॉ. रणजीत सिंह फुलिया विद्यार्थियों के आदर्श शिक्षक और अध्यापकों के सच्चे मार्गदर्शक के रूप में विख्यात हैं। ये अंग्रेजी भाषा को बड़े ही सरल तरीके से पढ़ाते हैं और हजारों विद्यार्थी इनसे इंग्लिश बोलचाल भी सीख रहे हैं। उन सभी विद्यार्थियों के वीडियो आपने सोशल मीडिया पर साझा भी किए हैं, जिनसे पूरे भारत देश के विद्यार्थी प्रेरणा ले रहे हैं। ऐसे विशेषज्ञ और निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले शिक्षक के रूप में आपकी निश्शुल्क सेवाएं विशेषकर ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को एक नए उमंग- उत्साह और जज्बे से सराबोर कर रही हैं।



**डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,
हरियाणा

# विषम परिस्थितियों में मनोबल संयम और साहस ही मनुष्य के सच्चे साथी

सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है, पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता हैद्य मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैद्य आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिएद्य मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है ।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं।




इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं। जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प ,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणात्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊर्जावान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर
छत्तीसगढ़,

## काम कुछ ऐसा करो

काम कुछ ऐसा करो की,
यह नाम अमर हो जाए
नाम कुछ ऐसा कमाएं की
लोगों के दिलों में बस जाएँ।
दूसरों की तरफ न झाँकें
आप ही मिशाल बन जाएँ
कीर्तिमान कुछ ऐसा बनाएँ
आप ही आदर्श बन जाएँ।
लोगों ने क्या किया,क्या करेंगे
इसको आप अभी भूल जाएँ
आपने क्या,किया क्या करेंगे
इस चिंतन पर शुरु हो जाए।
दुनिया तो भीड़ से भरी है
भीड़ के पीछे न भागते जाएँ
भीड़ मे एक अलग छबि बने
जो इतिहास में दर्ज हो जाए।
हम जग में रहें या न भी रहें
हमारा नेक काम बोल जाए
नाम से बड़ा काम होता है
ऐसा शबूत भी आप दे जाएँ।



**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,शिवरी
नारायन छत्तीसगढ़

## यादों की झरोखा

छेड़ दो साथी कोई राग पुरानी
जिसमें छुपी है अपनी प्रेम कहानी
गाँव की पहाड़ी पे थी जो निशानी
जहाँ चलती थी बस तेरी ही जुवानी
हवा का झौंका जब जब था आया
तेरी आँचल भी साथ था लहराया
हवा में महकी रजनीगंधा की खुशबू
रात चाँदनी में होती थी प्रेम गुफ्तगू
देख पपिहरा हमें देती थी तब ताना
हमने उनकी बातों को बुरा ना माना
उनकी फितरत थी जाना पहचाना
क्या कर लिया हमें देख ये जमाना
आ जा मधुबन में प्रेम गीत हम गाये
चैन की अपनी घर में बंसी बजायें
खुशियों को आपने आशयाँ में बुलायें
सुख दुःख हिल मिल कर हम जी पायें
अय रब हम को देना तुम हँसी का वरदान
पूरा करना हमारा संजोया सब अरमान
प्रातः प्राची में नित्य आये खुशी दिनमान
चैन से गुजर जाये
अपन सुबह से हर शाम



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला
बाँका बिहार

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की आमंत्रण सूची में भारतीय मूल की शेफ का नाम,बकिंघम पैलेस ने की घोषणा

लंदन,08अप्रैल 2023। अगले महीने लंदन में होने वाले किंग चार्ल्स तृतीय और क्वीन कैमिला के राज्याभिषेक समारोह के लिए शाही निमंत्रण सूची में भारतीय मूल की एक शेफ का नाम भी शामिल है। ब्रिटेन में एक वरिष्ठ नागरिक चैरिटी के साथ काम करने वाली भारतीय मूल की शेफ मंजू मल्ही ब्रिटिश एम्पायर मेडल (बीईएम) विजेताओं में शामिल हैं। बकिंघम पैलेस ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

### मंजू मल्ही को बीईएम से सम्मानित किया गया था

मंजू मल्ही को कोविड-19 महामारी के दौरान लंदन में कम्युनिटी सेवाओं के लिए बीईएम से सम्मानित किया गया था और वह छह मई को वेस्टमिंस्टर एब्बे में आयोजित होने वाले राज्याभिषेक समारोह में 850 बीईएम प्राप्तकर्ताओं के साथ-साथ अन्य कम्युनिटी चैंपियन और ब्रिटेन भर के चैरिटी प्रतिनिधियों में शामिल होंगी।

### चैरिटी ओपन एज के साथ 2016 से जुड़ी हैं

मल्ही एक पेशेवर शेफ हैं और वह 2016 से चैरिटी %ओपन एज% के लिए रेजिडेंट शेफ के रूप में काम कर रही हैं। यह चैरिटी लंदन में बुजुर्ग लोगों के सक्रिय जीवन के देखरेख का काम करती है। यह 50 या उससे अधिक उम्र के लोगों को उनकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस बनाए रखने में मदद करती है ताकी वे एक सक्रिय जीवन शैली बनाए रखें और नई रुचियों का विकास करें।



बकिंघम पैलेस के बयान में कहा गया है कि मंजू ने ओपन एज की रसोई को सदस्यों और कर्मचारियों के लिए कुकरी स्कूल और रेस्तरां में बदल दिया और कोविड-19 के दौरान ऑनलाइन कुकरी क्लासेज की पेशकश की। मंजू ओपन एज की कम्युनिटी %बिग लोकल फैमिली कुकिंग क्लब% का भी नेतृत्व करती हैं। यह क्लब मनोरंजन, परस्पर संवाद और अलग-अलग पृष्ठभूमि से आने वाले स्थानीय निवासियों को एक साथ आने और सामुदायिक परिवार के रूप में एक साथ भोजन बनाने और खाने का अवसर देता है। ब्रिटेन में जन्मी शेफ और फूड राइटर उत्तर-पश्चिम लंदन में पली-बढ़ी हैं और एंग्लो-इंडियन व्यंजनों को बनाने में माहिर हैं।

### बचपन में कई साल भारत में बिताए

मंजू ने अपने बचपन के कई साल भारत में बिताए, जहां उन्होंने अपनी विरासत के देश के विशाल और विविध व्यंजनों का पता लगाया और अनुभव किया। मल्ही टेलीविजन के कुकरी शो में भी दिखाई देती हैं। वह भोजन की ÷ब्रिटिश-इंडी÷ शैली के रूप में वर्णन करती हैं, जो भारतीय और पश्चिमी प्रभावों को जोड़ती है। मल्ही को दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा बीईएम से सम्मानित किया गया था।

बीईएम विशेष रूप से स्थानीय क्षेत्र में कम्युनिटी के लिए सेवा की उपलब्धि या योगदान देने के लिए दिया जाता है। बकिंघम पैलेस का कहना है कि राज्याभिषेक समारोह में भाग लेने वाले सभी बीईएम प्राप्तकर्ताओं में से 450 ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपने स्थानीय समुदायों को सेवाएं और सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

भव्य पैमाने पर किया जा रहा राज्याभिषेक समारोह का आयोजन

किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक का आयोजन भव्य पैमाने पर किया जा रहा है और 6 से 8 मई के बीच ब्रिटेन में जश्न मनाने वाले लंबे सप्ताहांत में भव्य कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें बहुत अधिक धूमधाम, तड़क-भड़क और स्ट्रीट पार्टियां शामिल हैं। बकिंघम पैलेस को उम्मीद है कि एक ÷अद्वितीय और ऐतिहासिक अवसर÷ का अनुभव करने के लिए लाखों लोग ब्रिटेन की राजधानी का दौरा करेंगे और लाखों लोग इसे घर बैठे ब्रिटेन और दुनिया भर में देखेंगे।



# वेस्ट बैंक पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव का माहौल,तेल अवीव में तीन की मौत

यरुशलम,(इस्राइल),08 अप्रैल 2023। इस्राइल के भूमध्यसागरीय तट पर स्थित शहर तेल अवीव और वेस्ट बैंक में अलग-अलग हमलों में तीन लोगों की मौत के बाद पश्चिम एशिया (स्द्धस्स्रद्यद्द श्वड्डह्यह्ल) में तनाव बढ़ गया है। सीएनएन ने यह जानकारी दी। यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद पर पुलिस की छापेमारी के बाद इस्राइली सेना ने कथित तौर पर दक्षिणी लेबनान और गाजा में फिलिस्तीनी आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया।

वेस्ट बैंक पर कब्जा करने के बाद शुक्रवार को एक गोलीबारी की घटना में दो बहनों की मौत हो गई, जिनकी आयु 16 और 20 वर्ष थी। मृतक बहनों के पास ब्रिटिश और इस्राइल की दोहरी नागरिकता थी। इस घटना में उनकी मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में उसी शाम तेल अवीव में एक हमले के दौरान पर्यटकों के एक समूह को एक कार ने टक्कर मार दी। इस हमले को इस्राइल के अधिकारियों ने %आतंकी हमले% का नाम दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले में एक इतालवी व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। इनमें तीन ब्रिटिश पर्यटक और एक इतालवी नागरिक शामिल हैं। इस क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के कारण व्यापक तबाही और मानव जीवन का नुकसान हुआ है। लेबनान से इस्राइली क्षेत्र में सैकड़ों रॉकेट दागे जाने के बाद इस्राइल ने हमले शुरू किए। इस्राइली सेना ने इसके लिए फिलिस्तीनी आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया।


# 'कोरोना का खतरा और खुद की हत्या का डर'

**रूसी रक्षा मंत्रालय के पूर्व गार्ड ने पुतिन को लेकर किए खुलासे**

वाशिंगटन,08 अप्रैल 2023। रूस-यूक्रेन का युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपनी हत्या का डर सताने लगा है। वह अपनी जान बचाने के लिए सीक्रेट ट्रेन और रूट का इस्तेमाल कर रहे हैं। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसओ) के पूर्व गार्ड ग्लीब काराकुलोव ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की रक्षा के लिए किए गए तमाम उपायों के बारे में जानकारी दी है।

### पुतिन के साथ कर चुका है 180 यात्रा

काराकुलोव ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति के अलग-अलग शहरों में एक तरह के ऑफिस है। वो अपने ठिकाने को छिपाने के लिए एक गुप्त ट्रेन नेटवर्क का इस्तेमाल करते है। बता दें, ग्लीब काराकुलोव ने पुतिन से जुड़ी यह जानकारी एक राजनीतिक सूचना संगठन डोजियर सेंटर के साथ इंटरव्यू में दी है। ग्लीब ने बताया कि वह रूसी नेता के साथ 180 से अधिक यात्रा कर चुका है।



### कोविड और जान खोने को लेकर डर

ग्लीब काराकुलोव ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति को सबसे ज्यादा कोविड और अपनी जिंदगी खोने का डर है। वह अधिकतर समय अपने निजी आवासों में बिताते हैं, जिन्हें बंकर कहा जाता है। इसके साथ ही वह लोगों से दूर रहते हैं। वह अभी भी कोविड के दौरान लगे लॉकडाउन के नियमों का पालन कर रहे हैं। वह बहुत ही आत्म केंद्रित नेता हैं। उन्हें अपनी चिंता रहती है।

### टेक्नोलॉजी से नहीं है लगाव

अगर कोई कार्यक्रम होने वाला होता है तो उसमें शामिल होने वाले लोगों को दो सप्ताह पहले से ही एकांतवास में रहना होता है। एकांतवास में रहे कर्मचारी ही एक कमरे में उनके साथ काम कर सकते हैं। वहीं ग्लीब ने बताया कि पुतिन को टेक्नोलॉजी नहीं पसंद है। वह फोन या इंटरनेट का उपयोग नहीं करते हैं। पुतिन जानकारी लेने के लिए अपने करीब लोगों की मदद लेते हैं।

### अपने निजी वाहन में ही करते हैं यात्रा

फएसओ के पूर्व गार्ड ग्लीब काराकुलोव ने एक और रोचक खुलासा किया। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति अगर लंबे समय के लिए यात्रा करते हैं, तो वह अपने निजी वाहन का उपयोग करते हैं। पुतिन की गुप्त सेवाएं विदेशी खुफिया से उनकी गतिविधियों को छिपाने और हत्या के किसी भी कोशिश को रोकने के लिए नकली मोटरसाइकिल और विमानों का इस्तेमाल करती हैं। इसका कारण यह है कि इन वाहनों को ट्रैक नहीं किया जा सकता है।

### विदेशी दौरे पर साथ में होता है टेलीफोन बूथ

ग्लीब काराकुलोव ने दावा किया कि अन्य देशों की यात्राओं के दौरान व्लादिमीर पुतिन अपने साथ एक टेलीफोन बूथ ले जाते हैं, जिसमें एक वर्कस्टेशन और टेलीफोन होता है। साथ ही रूसी राष्ट्रपति के विदेश दौरे पर फायर फाइटर, फुड टेस्टर और इंजीनियर शामिल होते है

### आम लोगों से काफी बेहतर स्वास्थ्य

व्लादिमीर पुतिन के स्वास्थ्य पर ग्लीब काराकुलोव ने कहा कि रूसी नेता का नियमित मेडिकल चेकअप होता है। वह अपनी उम्र के कई अन्य लोगों की तुलना में काफी स्वास्थ्य है।



# जान बचाने के लिए तेजी से समर्पण कर रहे रूसी सैनिक, यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय का दावा

कीव,08अप्रैल 2023। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि रूस के सैनिक तेजी से आत्मसमर्पण कर रहे हैं। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ने दावा किया कि रूसी सैनिकों के आत्मसमर्पण करने में तेजी आई है और बड़ी संख्या में रूसी सैनिक अपनी जान बचाने के लिए आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। उनका दावा है कि कुछ रूसी सैनिक युद्ध के मैदान में पकड़े भी गए हैं।

### यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय ने जारी किया बयान

यूक्रेन के अधिकारियों का दावा है कि बीते महीने करीब तीन हजार रूसी सैनिकों ने आत्मसमर्पण के लिए अपील की है। उन्होंने कहा कि बीते महीनों के मुकाबले इसमें दोगुनी वृद्धि हुई है। बता दें कि यूक्रेन के युद्धबंदियों के इलाज के लिए काम करने वाले मुख्यालय, यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय और यूक्रेनी खुफिया विभाग ने मिलकर एक हॉटलाइन शुरू की है, जिसमें आत्मसमर्पण करने वाले सैनिक अपील कर सकते हैं।

यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि %अभी यूक्रेन ने जवाबी हमला शुरू भी नहीं किया है लेकिन इसका असर अभी से ही दिखना शुरू हो गया है। रूस के सैनिकों के पास दो ही विकल्प हैं, या तो पकड़े जाओ या फिर मरने के लिए तैयार रहो।% रक्षा मंत्रालय ने ये भी कहा कि तेजी से होने वाले आत्मसमर्पण हालात को बदल भी सकते हैं लेकिन अब आत्मसमर्पण करने की समय सीमा तेजी से खत्म हो रही है।

# ताइवान पर कार्रवाई की तैयारी में चीन!: घेरने के लिए भेजे 13 एयरक्राफ्ट-तीन युद्धपोत,PLA ने जारी की ये चेतावनी

नई दिल्ली,08अप्रैल 2023। चीन ताइवान को घेरने की तैयारी कर रहा है। दरअसल चीन की सेना तीन दिनों तक ताइवान के नजदीक युद्धाभ्यास करेगी। चीन की सेना पीएलए के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने यह जानकारी दी है। बता दें कि चीन का यह एलान ऐसे वक्त आया है, जब ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन हाल ही में अमेरिका के दौरे से लौटी हैं। ताइवानी राष्ट्रपति के इस दौरे से चीन नाराज है और चीन के युद्धाभ्यास को उसकी नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। ताइवान के चारों तरफ 13 चाइनीज एयरक्राफ्ट और तीन युद्धपोत देखे गए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है।

चीनी सेना के प्रवक्ता शी यी ने चेतावनी देते हुए कहा कि %ये आॅपरेशन अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों की मिलीभगत और उनकी भड़काऊ गतिविधियों के खिलाफ कड़ी चेतावनी का काम करेगा, जो कि ताइवान की स्वतंत्रता चाहती हैं।%



### ताइवानी राष्ट्रपति अमेरिकी स्पीकर की मुलाकात से बौखलाया चीन

ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन ने बीते बुधवार को अमेरिका के निचले सदन के सभापति केविन मैकार्थी से कैलिफोर्निया में मुलाकात की थी। यह पहली बार हुआ कि किसी ताइवानी राष्ट्रपति ने अमेरिका की धरती पर यूएस स्पीकर से मुलाकात की। इस मुलाकात पर चीन ने धमकी दी थी कि अगर राष्ट्रपति साई इंग वेन, अमेरिकी स्पीकर से मिलीं तो सही नहीं होगा। हालांकि ताइवानी राष्ट्रपति ने चीन की इस धमकी को दरकिनार कर अमेरिकी स्पीकर से मुलाकात की।

### पहले भी ताइवान की घेराबंदी कर चुकी है चीन की सेना

बीते साल अगस्त में अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन सभापति नैंसी पेलोंसी ने भी ताइवान का दौरा किया था। उस समय भी चीन ने इस पर कड़ा एतराज जताया था और ताइवान को धमकी दी थी। हालांकि ताइवान चीन की धमकी के आगे नहीं झुका। इसके बाद चीन ने ताइवान के जलीय क्षेत्र के चारों तरफ युद्धाभ्यास शुरू कर दिया था। इस तरह चीन ने एक तरह से ताइवान की चारों तरफ से घेराबंदी कर ली थी। चीन के 21 एयरक्राफ्ट्स ताइवान की सीमा में भी दाखिल हो गए थे। इस दौरान चीन और ताइवान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था।

चीन द्वारा ताइवान की घेराबंदी के बाद अमेरिका ने भी अपने युद्धपोत ताइवान की सीमा के आसपास तैनात कर दिए थे। अब एक बार फिर चीन ताइवान की घेराबंदी की कोशिश कर रहा है। बता दें कि चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और यही वजह है कि वह ताइवान की राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे का विरोध कर रहा है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत, शॉपिंग मॉल के बाहर शख्स ने दिया था धक्का

सिंगापुर,08 अप्रैल 2023। सिंगापुर में एक शॉपिंग मॉल के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति की धक्का मुक्की में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भारतीय मूल के एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति द्वारा सीने पर धक्का मारने से वह सीढ़ियों से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई।



34 वर्षीय थेवेंद्रन शनमुगम पिछले महीने ऑर्चर्ड रोड पर कॉनकॉर्ड शॉपिंग मॉल में सीढ़ियों से पीछे की ओर गिर गए थे। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने शुक्रवार को बताया कि उनके सिर में कई फ्रैक्चर हुए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। शुक्रवार शाम मंडई श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। शनमुगम को धक्का देने वाले 27 वर्षीय मुहम्मद अजफरी अब्दुल काहा पर घटना के एक दिन बाद स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया गया। अदालत के दस्तावेजों में यह उल्लेख नहीं किया गया है कि क्या घटना से पहले दोनों व्यक्ति एक-दूसरे को जानते थे। यह घटना कथित तौर पर कॉनकॉर्ड शॉपिंग मॉल के एक लोकप्रिय नाइट स्पॉट के बाहर हुई। ऑर्चर्ड रोड पर बने इस शॉपिंग मॉल में कई बार और नाइट क्लब हैं। हालांकि, नाइटक्लब ने शुक्रवार को इन दावों का खंडन किया कि जिस दिन उन पर हमला हुआ था उस दिन सुबह शनमुगम ने उसके परिसर का दौरा किया था। लोगों से अटकलें न लगाने का आग्रह करते हुए क्लब रूमर्स ने शनमुगम के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि यह बेहद दुखद है और उनकी मौत के लिए खेद है। अजफरी को अगर दोषी ठहराया जाता है, तो उसे 10 साल तक की जेल हो सकती है, साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, अन्य अपराधों के लिए जेल जाने के बाद माफी के आदेश के तहत अजफरी बाहर आया था और उसने कथित रूप से यह अपराध किया। रिपोर्ट के मुताबिक, दोषी पाए जाने पर उसे 178 दिनों तक की अतिरिक्त जेल की सजा हो सकती है। सिंगापुर में एक कैदी को जेल के बाहर अपनी सजा का एक हिस्सा बिताने की अनुमति देने के लिए एक माफी आदेश जारी किया जाता है।

# पाकिस्तान का मजाक बना रहे हैं सत्ताधारी मसखरे...,सरकार पर जमकर बरसे इमरान खान

इस्लामाबाद, 08 अप्रैल 2023। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के चेयरमेन और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान की पीएमएल (एन) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा पाकिस्तान सरकार अपनी हरकतों से विदेशों में पाकिस्तान का मजाक बना रही है। इमरान खान ने अपने ट्वीट में लिखा कि %यह खतरनाक सत्ताधारी मसखरे, ये नहीं समझ रहे हैं कि वह पाकिस्तान की छवि को विदेशों में खराब कर रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ देशद्रोह के आरोप लगाकर और एफआईआर कराकर, वह विदेश में पाकिस्तान की छवि का मजाक बना रहे हैं।



### सरकार नहीं मान रही सुप्रीम कोर्ट का फैसला

इमरान खान ने चेताया कि पाकिस्तान की सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं कर रही है, इससे विदेशी निवेशकों में गलत संदेश जाएगा। इमरान ने ट्वीट किया कि %विदेशी निवेशकों में संदेश गया है कि सरकार ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मान रही है। निवेशकों को चाहिए होता है कि कॉन्ट्रैक्ट की सुरक्षा हो और यह तभी संभव है, जब न्यायपालिका में विश्वास होगा। लेकिन जब सरकार ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मान रही है तो वह विदेशी निवेशकों को क्या भरोसा देंगे?

इमरान खान ने आरोप लगाया कि लंदन प्लान के तहत चुनाव से पहले उनकी पार्टी को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। उनके खिलाफ देशद्रोह समेत 144 मामले दर्ज हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी निशाना बनाया जा रहा है।

### प्रांतीय चुनाव को लेकर जारी है हंगामा

बता दें कि पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में असेंबली चुनाव होने हैं। यह चुनाव 30 अप्रैल और 15 मई को होने थे लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने सुरक्षा कारणों और संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए चुनाव टाल दिए। पाकिस्तान की सत्ताधारी सरकार भी चुनाव आयोग के फैसले का समर्थन कर रही है।

# वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर पर रूस ने लगाया जासूसी का आरोप,किए गए गिरफ्तार,18 को होगी सुनवाई

वाशिंगटन, 08 अप्रैल 2023। रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (स्नस्क्च) के जांचकर्ताओं ने शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट जर्नल के रिपोर्टर इवान गेर्शकोविच पर जासूसी का आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने रूसी राज्य मीडिया का हवाला देते हुए आरोपों से इनकार किया। सीएनएन की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) की जांच में गेर्शकोविच पर अपने देश के हित में जासूसी करने का आरोप लगाया गया है।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, एजेंसी के एक प्रतिनिधि ने कहा, उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी आरोपों से इंकार कर दिया और कहा कि वह रूस में पत्रकारिता गतिविधियों में शामिल थे। गेर्शकोविच को पिछले हफ्ते रूसी अधिकारियों ने हिरासत में लिया था, जिन्होंने उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया था। यह अमेरिका के साथ मॉस्को के तनाव और विदेशी समाचार मीडिया के खिलाफ उसके अभियान दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार का संकेत था।



शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से जासूसी के आरोप में रूस में हिरासत में लिए गए गेर्शकोविच पहले अमेरिकी पत्रकार हैं। तास ने बताया कि एफएसबी जांचकर्ताओं ने अमेरिका के हितों में जासूसी करने के लिए गेर्शकोविच पर औपचारिक रूप से आरोप लगाया था, लेकिन गेर्शकोविच ने आरोपों से इनकार किया है। तास ने एक अज्ञात सूत्र का हवाला देते हुए कहा, उन्होंने स्पष्ट रूप से सभी आरोपों से इनकार किया और कहा कि वह रूस में पत्रकारिता गतिविधियों में शामिल थे। सूत्र ने आगे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, क्योंकि तास के अनुसार पत्रकार के मामले को %टॉप सीक्रेट% के रूप में चिह्नित किया गया है।

रूसी स्टेट मीडिया ने अदालत का हवाला देते हुए कहा कि मॉस्को की एक अदालत 18 अप्रैल को गेर्शकोविच के वकीलों द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करेगी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, संवाददाता को वर्तमान में 29 मई तक कुख्यात लेफ्टेरियोवो प्री-डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

संवाददाता की गिरफ्तारी की पश्चिमी अधिकारियों द्वारा व्यापक रूप से निंदा की गई है और वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गेर्शकोविच के खिलाफ जासूसी के आरोप का जोरदार खंडन किया है। उनकी गिरफ्तारी को एक स्वतंत्र प्रेस के लिए एक क्रूर अपमान बताया, जिसके खिलाफ दुनिया भर में सभी स्वतंत्र लोगों और सरकारों में आक्रोश पैदा करना चाहिए। बुधवार को विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने कहा था कि उन्होंने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से गेर्शकोविच को तुरंत रिहा करने का आग्रह किया।

सीएनएन ने मंगलवार को बताया था कि बाइडन प्रशासन गेर्शकोविच को रूस में गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने की आधिकारिक घोषणा करने की तैयारी कर रहा है।दो अमेरिकी अधिकारियों ने सीएनएन को बताया कि यह एक ऐसा कदम है जो नए अमेरिकी सरकारी संसाधनों को उनकी रिहाई की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेगा।

# भाजयुमो नेता के जमानत के बाद हुए स्वागत की हो रही आलोचना, भाजपा की कार्यप्रणाली पर हो रहा है सोशल मीडिया पर कटाक्ष

- » भाजयुमो नेता पर गरीब आदिवासी समुदाय के व्यक्ति से धोखाधड़ी का लगा था आरोप,चल रहे थे फरार
- » जमानत मिलने पर भाजपा कार्यालय में हुआ था भव्य स्वागत,हुई थी आतिशबाजी
- » फरारी से वापस आए भाजयुमो नेता को भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने बताया है टाइगर
- » क्या गरीब आदिवासी व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी करने वाला है फरार चलने वाला है टाइगर लोग पूछ रहे भाजपा से सवाल
- » भ्रष्टाचार बर्दास्त नही कहने वाली भाजपा अपनी नीति रीति से क्यों कर रही किनारा यह भी है लोगों के सवाल
- » मामले में अभी केवल मिली है जमानत नहीं हुए हैं बरी,क्या जिलाध्यक्ष पद से होगी छुट्टी यह भी लोगों के हैं सवाल



भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े को जमानत के बाद जिला कार्यालय के मुख्य द्वार पर किया गया स्वागत।



भाजपा कार्यालय में अपनी सफाई देते भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष




सोशल मीडिया आलोचनाओं से भरा पड़ा

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

भाजयुमो नेता की जमानत के बाद हुए स्वागत को लेकर अब सोशल मीडिया पर भाजपा कोरिया पर ही सवाल उठने लगे हैं और चौतरफा आलोचना हो रही है क्योंकि एक गरीब आदिवासी व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी करके फरार चल रहे भाजयुमो नेता की जमानत के बाद उसका स्वागत भाजपा कार्यालय में किया गया और स्वागत भी ऐसा वैसा नहीं स्वागत ऐसा किया गया की जैसे वह जंग जीतकर आया हो और कोई बड़ी उपलब्धि पार्टी के खाते में उसने जुड़वाई हो। भाजयुमो नेता के स्वागत में आतिशबाजी की गई शहर में भाजपा कार्यालय के समाने और उसे फूल मालाओं से लाद दिया गया जैसे की उसने पार्टी को वह लाकर दे दिया हो जो पार्टी हासिल न कर सकी हो और पार्टी उत्साह में आ गई हो। उत्साह केवल इतना ही नहीं रहा भाजयुमो कार्यकर्ताओं का उन्होंने फरार चल रहे भाजयुमो नेता को टाइगर तक बताया और टाइगर घर वापस आया ऐसा जताया। भाजपा कार्यालय में हुए स्वागत सम्मान के बाद अब सोशल मीडिया पर भाजपा से सवाल पूछे जा रहें हैं की क्या भ्रष्टाचार का विरोध करने वाली भाजपा की यही रीति नीति है क्या एक भ्रष्टाचार के आरोपी नेता को आरोप में केवल जमानत मिलने पर ही पार्टी खुशी मनाने में मशगूल होकर यही चरित्र उजागर करती है की दोषी होने उपरांत जमानत मात्र ही उसके निर्दोष होने का प्रमाण है। भाजपा कोरिया से लोग यही सवाल पूछ रहें हैं की भ्रष्टाचार का विरोध केवल विपक्ष के लिए ही भाजपा करती है उनके पार्टी के लोगों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार भ्रष्टाचार नहीं है। सोशल मीडिया पर लगातार कोरिया भाजपा पर लोग सवाल खड़े कर रहें हैं और जवाब देने वाला कोई भाजपाई अभी सामने नहीं आया है जो इसका जबाव दे सके।

भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने पेश की अपनी सफाई प्रशासन सहित सत्ताधारी दल पर लगाए आरोप- धोखाधड़ी मामले में जमानत मिलने और आतिशी स्वागत मामले में आलोचनाओं में घिरे भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने भाजपा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को अपनी सफाई दी और भाजपा जिला कार्यालय में उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की उनके ऊपर लगे आरोप निराधार हैं। अंचल राजवाड़े ने आगे कहा की किसान के खाते से राशि निकाली ही नहीं गई वहीं उनका मोबाइल नंबर षड्यंत्र के तहत मामले में उन्हे दोषी बनाने के लिए उपयोग हुआ। उन्होंने प्रशासन सहित सत्ताधारी दल पर आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा की अभी छः महिने चुनाव होने में शेष हैं और हो सकता है की भाजपा की सक्रियता देखते हुए भाजपा के कार्यकर्ताओं पर और भी अपराध पंजीबद्ध हों जिससे बचने की भी जरूरत है और सोशल मीडिया सहित अन्य जगह इसका विरोध भी करना जरूरी है। अंचल राजवाड़े ने सीइओ पर भी आरोप लगाते हुए मामले में दोषी बताया। वैसे यह सफाई तब आई जब उनकी और भाजपा कोरिया की चौतरफा उनके मामले में आलोचना होने लगी। जरूरत थी की पहले वह इस तरह की सफाई देते और बाद में स्वागत के लिए तैयार होते तब बात आलोचना तक नहीं पहुंचती और भाजपा असहज महसूस नहीं करती।

## धोखाधड़ी के आरोपी भाजयुमो नेता को टाइगर बताने और आतिशी स्वागत पर खड़े हो रहे सवाल

भाजयुमो नेता जिसपर धोखाधड़ी का आरोप लगा है और एक आदिवासी समुदाय के व्यक्ति के साथ यह धोखाधड़ी होने वाली थी जिसमे भाजयुमो नेता आरोपी बनाए गए थे मामले में भाजयुमो नेता को जमानत मिली और जमानत के बाद फरार चल रहे भाजयुमो नेता ने वापसी की और उसे भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने टाइगर बताया और आतिशी स्वागत किया। अब इस स्वागत और टाइगर बताए जाने पर सवाल उठ रहें हैं और सवाल यह पूछा जा रहा है की जमानत मिलते की क्या भाजपा ने भाजयुमो नेता को दोषमुक्त मान लिया और उसे दोषमुक्त मानते हुए उसका स्वागत भाजपा कार्यालय में होने दिया। लोग यह भी कहते सुने जा रहें हैं की एक तरह भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त भारत की बात करती है वहीं दूसरी तरफ दोषी भाजयुमो नेता का आतिशी स्वागत हो रहा है और उसे टाइगर बताया जा रहा है।

## क्या भाजपा कोरिया प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना से नहीं रखती वास्ता ?

भाजपा कार्यालय में जिस तरह भाजयुमो नेता जिसपर धोखाधड़ी का आरोप है आतिशी स्वागत किया गया उसे टाइगर बताया जा रहा है उसको लेकर अब भाजपा कोरिया से यह भी सवाल पूछे जा रहें हैं की क्या भाजपा कोरिया प्रधानमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना से वास्ता नहीं रखती है क्या प्रधानमंत्री की बात नहीं मानती है। यदि ऐसा है तब ठीक है ऐसा लोगों ने कटाक्ष किया है। भाजयुमो नेता पर चुकीं गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ था और न्यायालय ने भी कुछ मामलों में दोषी माना है और पूरी तरह उन्हे दोषमुक्त नहीं किया है और अभी प्रकरण विचाराधीन है।

## भाजयुमो नेता को पद से पृथक नहीं किए जाने को लेकर भी भाजपा कोरिया पर उठ रहे सवाल

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रहते हुए भाजयुमो नेता पर धोखाधड़ी का आरोप लगा था और मामला पंजीबद्ध हुआ था। मामला दर्ज होने उपरांत महीनो भाजयुमो जिलाध्यक्ष फरार रहे और जमानत मिलने के बाद वह वापस आए। फरार रहने के दौरान भाजपा कोरिया ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष को पद से पृथक नहीं किया और उन्हे भरपूर समय प्रदान किया। भाजपा कोरिया पर यह सवाल उठ रहा है की क्या जानबूझकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष को समय दिया गया जिससे वह जमानत लेकर बाहर आ सकें और उनका पद भी बचा रहे।

पद से पृथक न करके भाजपा कोरिया ने अपनी ही रीति नीति तोड़ दी है यह भी लोगों का कहना है।

## किसी दुसरे को न मिल जाए जिलाध्यक्ष बनने का मौका इसलिए फरार चल रहे भाजयुमो जिलाध्यक्ष को दिया गया मौका

सवाल यह भी उठ रहा है की भाजयुमो जिलाध्यक्ष को फरार रहने के दौरान इसलिए पद से नहीं हटाया गया जिससे किसी अन्य को न जिलाध्यक्ष बनने का मौका न मिल जाए। अन्य किसी को जिलाध्यक्ष इसलिए नहीं बनाया गया क्योंकि वर्तमान पर गंभीर आरोप लगने के बाद भी उसे हटाने की मंशा भाजपा कोरिया की नहीं थी जो स्पष्ट समझा भी जा सकता है। फरार चल रहे जिलाध्यक्ष को जमानत लेने तक पदमुक्त नहीं किया गया उनके जमानत का इंतजार किया गया और जिससे साबित हुआ की उन्हे बचाने किस तरह पार्टी की नीति रीति को ताक पर रखा गया यह भी लोग कहते सुने जा रहें हैं।

## पद पर लटकी थी तलवार,बचे जिलाध्यक्ष,क्या वर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष की जगह कोई और होता तो उसे भी मिलता ऐसा ही अवसर ?

भाजयुमो जिलाध्यक्ष के पद पर तलवार लटकी थी जिससे वह बच गए। अब यह भी एक सवाल उठ रहा है जिला भाजपा पर की क्या वर्तमान जिलाध्यक्ष की जगह कोई और होता तो क्या उसके लिए भी इतना ही इंतजार किया जाता क्या उसे भी जमानत का मौका दिया जाता और फरार रहने के दौरान उसपर पदमुक्त करने की कार्यवाही नहीं की जाती। इस मामले में एक भाजपा नेताओं का ही मानना है की ऐसा नहीं होता छोटे से छोटे आरोप लगने पर पदमुक्त किए जाने की कार्यवाही होती रही है और इस मामले में क्यों समय दिया गया समझ से परे है।

क्या भाजयुमो जिलाध्यक्ष को अब भी किया जाएगा पदमुक्त- अब भाजपा कोरिया क्या वर्तमान भाजयुमो जिलाध्यक्ष को पद पर बने रहने देती है या उन्हे पदमुक्त करती है देखने वाली बात होगी। वैसे भाजपा की रीति नीति को मानने वाले लोगों का कहना है की फिलहाल भाजयुमो जिलाध्यक्ष को पद पर बने रहने देने से भाजपा को आलोचना का शिकार होना पड़ सकता है वहीं पदमुक्त करते ही वह प्रधानमंत्री की भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान के साथ खड़े नजर आएंगे और पार्टी की छवि पर अच्छा असर पड़ेगा और अच्छा संदेश भी जनता के बीच जायेगा की आरोपी को दोषमुक्त होने तक पार्टी पद में नहीं रखेगी वह भी भ्रष्टाचार जैसे मामले के आरोपी को।

# सत्ता से उखाड़ फेंकना जरुरी,ताकि किसी का चिराग ना बुझे,किसी के मांग का सिंदूर ना उजड़े:सुखलाल सिंह मरावी



- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जनकपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल सिंह मरावी ने कहा कांग्रेस के विधायक गुलाब कमरों के संरक्षण में भरतपुर सोनहत में अशांति माहौल बन गया है कोई आत्महत्या कर लेता है तो किसी को पीट-पीटकर मार डालते हैं अगर कोई आवाज उठाता है तो उसे बीच सड़क पर मारा जाता है अगर कोई सरकारी कर्मचारी अधिकारी इनके भ्रष्टाचार में संलिप्त नहीं होता तो उसका स्थानांतरण हो जाता है या फिर मारा जाता है गाली गलौज दिया जाता है धमकी दिया जाता है, एक संतोष केवट नाम के व्यक्ति को कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता के द्वारा मारा जाता है और गंभीर अवस्था में जनपद पंचायत सीईओ के गेट पर लटका दिया जाता है, जनकपुर स्वास्थ्य केंद्र से शहडोल मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया जाता है शहडोल मेडिकल कॉलेज से जबलपुर रिफर हो जाता है और जबलपुर में संतोष केवट की मौत हो जाती है संतोष केवट की मौत को हादसा साबित करने में तुले हैं, कांग्रेसी जबकि हकीकत सब जानते हैं कि छोटे लाल वर्मा के मारने से संतोष केवट की मौत हुई है ब्लॉक कांग्रेस रवि प्रताप सिंह वन भूमि से रेत चोरी कर यूपी-बिहार बेचते थे, इस पर मैंने स्वयं रोक लगाने की कोशिश किया लेकिन स्वयं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और उनके बेटे वहां पर पहुंच गए और मारपीट की धमकी जो करना है कर लो हम रेत बेचेंगे हमारा शासन सत्ता है, हम कुछ भी कर सकते हैं विधायक गुलाब कमरों के संरक्षण में होता है, हम सभी क्षेत्रवासियों को इनको सत्ता से उखाड़ फेंकना है, जिससे और किसी का चिराग ना बुझा किसी का मांग का सिंदूर ना उजड़े और हमारे क्षेत्र की धरोहर बचा रहे शांति बना रहे इसीलिए कांग्रेस मुक्त भारत होना।गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जनकपुर ब्लॉक अध्यक्ष एवं पार्टी के जन्यमानगण स्वर्गीय सुमित शर्मा के परिजनों से मिलकर दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने एवं शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की संवेदना व्यक्त करने तथा ढाढस बंधाने गये गोंगपा पदाधिकारी सुखलाल सिंह मराबी ब्लाक अध्यक्ष गोंगपा भरतपुर, कैलाश सिंह परस्ते ब्लाक कोषाध्यक्ष,रामदेव सिंह परस्ते जिला उपाध्यक्ष एमसीबी आदि थे।



# ब्राह्मण समाज चिरमिरी ने सुन्दरकाण्ड पाठ का किया आयोजन

- संवाददाता -
चिरमिरी,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

ब्राह्मण समाज चिरमिरी द्वारा भगवान श्री हनुमान जी महराज के पावन जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर चिरमिरी ब्राह्मण समाज के महर्षि भवन में श्री सुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ/गायन कराया गया श्री हनुमान जी महराज का पूजन कर चिरमिरी विप्र परिवार एवं समस्त चिरमिरी वासियों के साथ -साथ समस्त जगत के कल्याण हेतु प्रार्थना पूजन किया गया श्री हनुमान जी महराज जगत मे सभी भक्तों के सभी प्रकार के संकट एवं रोगों का शमन करने वाले देवता हैं जो इस कलिकाल में प्रत्यक्ष वसुधा पर अपने और प्रभु श्री राम के भक्तों का कल्याण करते श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ/गायन करने से बजरंगबली शीघ्र प्रसन्न होते हैं इस आयोजन में ब्राह्मण समाज चिरमिरी के महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला, डा प्रमोद त्रिपाठी,बिदुर शर्मा, विनोद मिश्रा, रामलखन मिश्रा,राजेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र तिवारी, संतोष पाण्डेय, सौखीलाल गौतम, यदुवंश तिवारी, सुबोध दुबे, डा रामकिंकर पाण्डेय, डा उमाशंकर मिश्र, योगेश मिश्रा, आचार्य विवेक त्रिपाठी,नारायणी अध्यक्षा श्रीमती मिथिलेश पाराशर, इंद्रा शुक्ला, राजकुमारी त्रिपाठी, सुधा त्रिपाठी,विद्या पाण्डेय आदि सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

# गौ रक्षक अनुराग ने बेज़ुबान गौवंश को पानी मिल सके इसके लिए की 50 नग नाद की व्यवस्था



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

गौ रक्षा वाहिनी के अनुराग दुबे ने भीषण गर्मी को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैकुंठपुर क्षेत्र में घूम रहे बेजुबान गौवंश के लिए पानी पीने की व्यवस्था के लिए 50 नग नाद उपलब्ध कराया है, जिस भी व्यक्ति को गौवंश की चिंता है और गौ सेवा करना चाहते है वह हमारे पास से नाद ले जा कर बेजुबान गौवंश के पानी पीने की व्यवस्था कर सकते है। क्योंकि आम इंसान तो कहीं भी रुक करके पानी पी सकता है पर यह बेसहारा बेजुबान को इन गर्मियों के दिन में बहुत ही ज्यादा पानी पीने की दिक्कत होती है, क्योंकि आसपास के सभी नाले तालाब सूख जाते हैं ऐसे में बेजुबान जानवरों को पीने का पानी नहीं मिला पता है।

अनुराग दुबे ने बताया की बेजुबानो इसी तकलीफ को देखते हुए ज्ञानेंद्र शुक्ला उर्फ जानी भाई के द्वारा 10 नाद, विपिन मिश्रा के द्वारा 10 नाद, अनूप अग्रवाल के द्वारा 5 नाद, प्रसंग जयसवाल गप्पू के द्वारा 5 नाद, आयुष नामदेव के द्वारा 5 नाद एवं मेरे द्वारा 15 नाद की व्यवस्था की गई है, टोटल गौ रक्षा वाहिनी को पानी के 50 नाद की व्यवस्था करवाई गई है, जिसकी लागत 20 हजार रुपए है, सभी भाइयों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है आपने यहां घूम रहे बेज़ुबान गौ वशे का दर्द समझा और उनके लिए पानी पीने के लिए नाद की व्यवस्था के लिए आगे आए, यह पानी के नाद जिस किसी को भी चाहिए उसे निशुल्क दिया जाएगा पर आपसे हाथ जोड़कर निवेदन भी है कि इस पानी के नाद ले जाए और जहां मवेशियों का विचरण होता वहा पर नाद रखा उसमे प्रति दिन पानी भरे ताकि में मवेशियों को पानी के लिए भटकना ना पड़े, क्योंकि बहुत से लोग नाद तो ले जाते हैं पर इसमें पानी डालने तक की जरूरत नहीं समझते हैं और नाद पड़े पड़े बर्बाद हो जाता है ऐसा ना हो क्योंकि बहुत मेहनत से यह पानी के नाद की व्यवस्था करवाई जाती है आप जिन लोगों को भी यह पानी की नाद चाहिए आप हम लोगों से संपर्क कर करके यह नाद निशुल्क मिलेगा।

# सरकार के प्रति विश्वास और विकास कार्यों से छग में दोबारा बनेगी कांग्रेस की सरकार:कमरो

## विधायक कमरो की पहल पर सडक़ और पुल निर्माण कार्य हेतु साढ़े 6 करोड़ से अधिक की राशि मंज़ूर

-ईश्वु प्रसाद यादव-
मनेन्द्रगढ़,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की पहल पर राज्य सरकार ने वर्ष 2021-22 के बजट में शामिल बहुप्रतीक्षित सडक़ और पुल जैसे विकास कार्यों के लिए साढ़े 6 करोड़ से भी अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

वर्ष 2021-22 के बजट में शामिल मनेंद्रगढ़ के एनएच 43 से 18वीं बटालियन चैनपुर पहुंच मार्ग लंबाई 4.02 किलोमीटर निर्माण कार्य के लिए जहां 4 करोड़ 64 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं ग्राम पंचायत भल्लौर-साल्ही मार्ग पर हंसिया नाला में पुल निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 57 लाख 58 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं।



बहुप्रतीक्षित सडक़ और पुल निर्माण कार्य के लिए साढ़े 6 करोड़ से भी अधिक की बड़ी राशि मंजूर किए जाने पर राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोनिवि मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया है। इधर 18वीं बटालियन चैनपुर पहुंच मार्ग के लिए शासन द्वारा राशि मंजूर किए जाने पर बटालियन में पदस्थ अफसर से लेकर जवान और उनके परिवारों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि शहर से लगे ग्राम पंचायत चैनपुर में 18वीं बटालियन का मुख्यालय खुले 10 साल होने जा रहे हैं, लेकिन सडक़ जैसी बुनियादी सुविधा अभी तक यहां मुहैया नहीं कराई जा सकी है। सडक़ नहीं होने से जहां आवगामन में परेशानी हो रही है वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। यहां सडक़ नहीं होने के कारण शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियदी सुविधाओं के लिए भी बटालियन के अफसर और जवानों के परिवारों के साथ ग्रामीणों को भी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। सडक़ जैसी बुनियादी सुविधा को तरस रहे बटालियन में पदस्थ अफसर और जवानों के परिवारों ने करीब 6 माह पूर्व विधायक गुलाब कमरो से मिलकर उन्हें अपनी परेशानियों और पीड़ा से अवगत कराया था। विधायक ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि था कि एनएच से बटालियन तक पहुंच मार्ग उनकी



प्राथमिकता में है। उन्होंने बहुप्रतीक्षित सडक़ के लिए राज्य शासन से शीघ्र मंजूरी लिए जाने का वायदा किया था और अपने वायदे को निभाते हुए उन्होंने सडक़ के लिए शासन से राशि मंजूर कराई है। इसके अलावा ग्राम पंचायत भल्लौर-साल्ही मार्ग पर स्थित हंसिया नाला में पुल निर्माण की मांग भी लंबे समय से की जा रही थी। वर्तमान में हंसिया नाला में जर्जर पुल की ऊंचाई कम होने की वजह से बरसात के मौसम में अक्सर पुल के जलमग्न हो जाने की वजह से कई गांवों का संपर्क एक-दूसरे से टूट जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। विधायक कमरो का प्रयास रंग लाया है और राज्य शासन की ओर से डेढ़ करोड़ से अधिक की राशि पुल निर्माण कार्य के लिए मंजूर की गई है। पुल का निर्माण होने से साल्ही, डोमनापारा, भल्लौर, डंगौरा, बिछ्ली के साथ कई आश्रित गांवों में निवासरत ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। विधायक कमरो ने कहा कि प्रदेश की संवेदनशील सरकार भूपेश सरकार आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी सरकार ने कभी झूठे वायदे नहीं किए, बल्कि जनता तक उन सुविधाओं को पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। यही वजह है कि सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। विधायक ने कहा कि विश्वास और विकास कार्यों को लेकर छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।

# स्विमिंग पूल का टेंडर जारी,अप्पू घर वेबपुल का टेंडर क्यों नहीं ?:विनोद सिन्हा

- संवाददाता -
कोरबा,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा ने जारी एक बयान में बताया कि नगर पालिक निगम द्वारा प्रियदर्शनी स्टेडियम के बाजू में स्विमिंग पुल का टेंडर 3 वर्षों के लिए जारी किया है निविदा में भाग लेने का 18 अप्रैल तक अवसर दिया गया है जिसमें 02 लाख ? रक्षा धन तथा प्रतिवर्ष निविदा प्राप्त करने वालों के लिए ?5लाख किराया निर्धारित किया गया यह निविदा केवल 03 वर्षों के लिए होगी ऐसा निविदा में कहां गया नियम और शर्तों का हवाला देकर कहा गया है कि स्विमिंग पूल का देखरेख सुरक्षा आदि से लेकर सब कुछ निविदाकर्ता के अधीन होगा, कोई भी घटना -दुर्घटना के लिए निविदाकर्ता जिम्मेदार होगा। सिन्हा ने आगे बताया कि पूर्व में स्विमिंग पूल संचालक का देहांत हो जाने के कारण नई निविदा आमंत्रित की गई है जिसमें प्रत्येक स्विमिंग पूल में भाग लेने वाले हितग्राहियों को प्रतिमाह ?1000 शुल्क देने पर ही वह तैराकी स्विमिंग पुल में भाग ले सकता है ऐसे में जो गरीब तैराकी प्रतियोगिता के लिए भाग लेना चाहते हैं वह धन के अभाव में वंचित हो जाएंगे व भाग नहीं ले पाएंगे ऐसा लग रहा है। कोरबा में खेल अकादमी स्विमिंग में अभी तक प्रैक्टिस के लिए नहीं खोला गया है जबकि जून माह में प्रतिभागी को प्रतियोगिता में भाग लेना है ऐसे में बिना तैयारी के तैराकी प्रतियोगिता में कैसे सफल होंगे यह चिंता का विषय है। सिन्हा ने आगे बताया कि नगर निगम द्वारा स्विमिंग पूल के निविदा निकालने के पश्चात शहर में चर्चा है कि निगम के एक अधिकारी, व श्रम विभाग के एक निरीक्षक यह दोनों मिलकर अपनी



पत्नियों के नाम से यह टेंडर लेना चाहते हैं जबकि स्विमिंग पूल संचालन हेतु निगम द्वारा नियम और शर्तें जो रखी गई है उसको धत्ता बताते हुए अपरिपक्वत व अनुभवहीन द्वारा स्विमिंग पूल की निविदा हथियाना चाह रहे हैं जो भविष्य में दुर्घटना का कारण बन सकता है क्योंकि अनुभवी व परिपक्व जो वर्षों से अनेक शहरों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं उन्हें वंचित करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है जो चर्चा का विषय है। स्थानीय व्यक्तियों द्वारा निविदा क्यों लेना चाहते हैं इसके पीछे, स्विमिंग पूल में कमाई का जो जरिया है वह सदस्य की संख्या पर निर्भर है प्रतिमाह प्रति सदस्य ?1000 निर्धारित किया गया है अधिकतर लोग बिना सदस्य बने स्विमिंग पूल का आधे दर में आनंद लेंगे या प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयारी करेंगे इसलिए अवैध कमाई के लिए निविदा अनुभवी परिपक्व संस्थानों को देने के बजाय कोरबा के इर्द-गिर्द ऐसे लोगों को देने की योजना बनाई गई है अप्रत्यक्ष रूप से जो अनुभवी या परिपत्र ना हो ऐसी शहर में चर्चा है। सिन्हा ने आगे बताया कि प्रियदर्शनी स्टेडियम स्विमिंग पूल का तो टेंडर निकाल दिया गया है लेकिन वही दूसरी ओर अप्पू घर वेय पुल का टेंडर आज तक नहीं निकाला गया इसमें भी बड़ी राज है क्योंकि अप्पू घर में बेय पुल के लिए जो टिकट निर्धारित है ऐसा लोगों का कहना है की बहुत से प्रतिभागी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बिना टिकट का बेय पुल का आनंद लेते हैं उसने भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी है ऐसे लोगों की कमाई महीने में लाखों की है जो भ्रष्टाचार का जीता जागता नमूना दिखाई दे रहा है ।इसलिए अप्पू घर वेब पुल का आज तक निविदा जारी न कर प्रतिवर्ष लाखों रुपए का भ्रष्टाचार का खेल जारी है। सिन्हा ने जिला प्रशासन से अप्पू घर वेब पुल बिना टेंडर के चलाए जा रहे हैं इसकी सूक्ष्म जांच कराई जाए ताकि भ्रष्टाचार उजागर हो सके।

# एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ एक बार फिर भूविस्थापितों ने खोला मोर्चा

- संवाददाता -
कोरबा,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

एसईसीएल की खदानों से विस्थापित व प्रभावित बेरोजगार रोजगार की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं, इसके बाद भी उन्हें रोजगार नहीं दिया जा रहा . जिसे लेकर कर्मचारियों में प्रबंधन के प्रति आक्रोश है। कोरबा एरिया के भी प्रभावितों ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। खदान में घुसकर भूविस्थापितों ने उत्पादन व परिवहन संबंधित कार्य बाधित कर दिया। कोरबा एरिया की मानिकपुर कोयला खदान में भूविस्थापित और स्थानीय लोग प्रवेश कर कोयले का उत्पादन बंद कराने खदान में घुसे लोगों ने सबसे पहले कोयला परिवहन ठप करा दिया, जिसके कारण खदान के अंदर और बाहर ट्रकों की लंबी कतार लग गई। आंदोलन की सूचना मिलने पर मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची। आंदोलनकारियों को समझाइश देने का प्रयास किया गया, लेकिन वे रोजगार देने की मांग पर अड़े रहे। उल्लेखनीय है कि पहले भी कोरबा एरिया के मानिकपुर खदान में रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन हो चुके हैं। पुन- एक बार फिर भूविस्थापितों ने आंदोलन का रुख इख्तियार किया है अब देखना होगा क्या एसईसीएल प्रबंधन भूविस्थापितों के मांगों को पूरा करेगी या फिर प्रबंधन द्वारा आश्वासन का सहारा लिया जाएगा।



# कलेक्टर ने रेत के अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्यवाही के दिए निर्देश

- संवाददाता -
कोरबा,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने एसडीएम और खनिज अधिकारी को जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिला अंतर्गत स्वीकृत मुख्य खनिज एवं रेत खदानें जो कि वैद्य रूप से संचालित है के अलावा अन्य स्थानों से किसी भी व्यक्ति/संस्थानों द्वारा खनिजों का किसी विधिपूर्ण प्राधिकार के बिना उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण किये जाने पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) 1957 की धारा-21 एवं छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 अन्तर्गत नियम- 71 एवं छ.ग. खनिज खनन (खनन, परिवहन एवं भण्डारण) नियम- 2009 के नियम- 3 के तहत खनिज अधिनियम/नियमों के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे ने बताया कि अवैध रेत घाट को बंद कराया गया है। नाका लगाकर कर्मचारी तैनात किए गए हैं। अवैध रूप से परिवहन पर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है।



### अवैध परिवहन पर की गई कार्यवाही

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन में कार्यवाही करते हुए कुल 4 ट्रेक्टर जिसमे कुदुरमाल से 1 ट्रैक्टर, तरदा से 1 ट्रेक्टर महेन्द्रा सोल्ड , कतबितला से 1 ट्रेक्टर सोनालिका सोल्ड , रिसदी से 1 ट्रेक्टर ईंट बगदर सको उरगा नाका में अभिरक्षा में रखा गया है। जिसमें खनिज अधिनियम के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी तथा इसके पूर्व भी विगत सप्ताह कोरबा जिले के विभिन्न रेत घाटो से (कतबितला, कुदुरमाल, रिसदी, तरदा, बगदर, बरमपुर, राताखार, भैसामुड़ा , सीतामणी, भिलाइखुर्द आदि) 03 अप्रैल को 6 ट्रेक्टर, 05 अप्रैल को 4 ट्रेक्टर, 06 अप्रैल को 01 ट्रेक्टर इस तरह कुल 15 ट्रैक्टरों पर कार्यवाही की जा रही है।

# दीपका माइन्स सब स्टेशन में लगे टॉवर से बैटरी चोरी करने वाले आरोपियो को हरदीबाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

**» आरोपियों के कब्जे से कुल 24 नग बैटरी कीमती 2,88,000/- रूपये बरामद**

पुलिस अधीक्षक कोरबा उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुड़िया द्वारा सभी थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 08.04.2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि 01.नंदलाल गोंड़ पिता रामलाल गोंड़ उम्र 32 वर्ष निवासी रेंकी थाना हरदीबाजार, जिला कोरबा 02. निर्मल गोंड़ पिता नीर सिंह गोंड़ उम्र 21 वर्ष निवासी रेंकी थाना हरदीबाजार जिला कोरबा 03. संजय सिंह गोंड़ पिता राय सिंह गोंड़ उम्र 27 वर्ष निवासी रेंकी थाना हरदीबाजार जिला कोरबा द्वारा चोरी की बैट्री बिक्री करने हरदीबाजार में ग्राहक की तालाश कर रहे हैं।

प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु संदेही नंदलाल गोंड, निर्मल गोंड, संजय सिंह गोंड को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो एसईसीएल दीपका माईन्स के सुआभोड़ी में बने सब स्टेशन में लगे टॉवर से बैट्री चोरी करना स्वीकार किये, आरोपियों के निशादेही पर कुल 24 नग बेट्री जुमला कीमती 2,88,000/- रूपये को बरामद किया गया। आरोपियों के पास उक्त 24 नग बैट्री का कोई कागजात नही होने से आरोपियों से उपरोक्त बैट्री को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जिससे आरोपियों का कृत्य धारा सदर 41 (1-4) जा.फौ./ 379, 34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध पृथक से इस्तगासा क्रमांक 02/2023 धारा 41 (1-4) जा.फौ. 379, 34 भादवि. कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा थाना प्रभारी हरदीबाजार, स.उ.नि. विजय सिंह, प्रआर. प्रआर. ओमप्रकाष बैस, आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक कमल कैवर्त, आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक गौतम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# भरतपुर विधायक के सारे उपलब्धियों पर पानी फेर रहे उनके निज सचिव,प्रतिनिधि व कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी

- » सोनहत भरतपुर विधायक के दो निजी सचिव में से मनेंद्रगढ़ के एक निज सचिव की दूरी की बात आ रही सामने,दूसरा आय अर्जित करने में व्यस्त बताए गए
- » विधायक के अच्छे सरथियो की अब चुनावी वर्ष में कमियां नजर आने लगी जो विधायक के लिए सिरदर्द बन रहा
- » विधायक गुलाब कमरों को चुनाव में उन्हीं के ने चुने हुए प्रतिनिधि व कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों की वजह से पहुंच सकता है नुकसान
- » पार्टी के पदाधिकारी व प्रतिनिधि गुंडागर्दी पर उतारू हो चुके हैं
- » नेताओं के गुंडागर्दी के मामले रोज आ रहे सामने कैसे कन्नी काटेंगे विधायक गुलाब कमरों

- रवि सिंह -
एमसीबी 08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।



वर्तमान सरकार के विधायकों का 5 साल पूरा होने को है कार्यकाल अंतिम चरण में है और अंतिम चरण में हुए नुकसान की भरपाई शायद ही हो पाएगी, क्योंकि समय काफी कम रहेगा और कुछ ऐसा ही इस समय नवीन जिले एमसीबी के भरतपुर सोनहत विधानसभा में देखा जा रहा है जहां पर सत्ता पक्ष के नेता ही गुंडागर्दी पर उतारू हो चुके हैं जिस वजह से स्थानीय विधायक की छवि की भी लंका लगने लगी है, एक कहावत है कि गेहूं के साथ घुन भी पिसता है कुछ ऐसा ही विधायक के साथ भी हो रहा है उनके चुने हुए विधायक प्रतिनिधि व कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी गुंडागर्दी कर रहे हैं और ठीकरा विधायक के ऊपर फूटने लगा है और फूटे भी तो क्यों ना आखिर चुने हुए भी तो इन्हीं के द्वारा है, जनकपुर के ब्लॉक अध्यक्ष पद पर गंभीर आरोप लग चुके हैं सोनहत ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष कर मारपीट का आरोप लग चुका है प्रतिनिधि के ऊपर भी आरोप आने लगे इसे गुंडागर्दी ना कहें तो क्या कहें यह भी एक सवाल।

जनकपुर ब्लॉक अध्यक्ष पर गंभीर आरोप-बेटे द्वारा मारपीट करने से पहले पिता यानी ब्लाक कांग्रेस भरतपुर अध्यक्ष रविप्रताप सिंह पर भी पंचायत सचिव को आत्महत्या करने पर मजबूर करने का मामला दर्ज है। भरतपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में च्यूल गांव के पंचायत सचिव छत्रपाल ने 22 फरवरी 2022 को फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी थी। मौके पर मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में पंचायत सचिव ने खुदकुशी का कारण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, जनपद सीईओ अनिल अग्निहोत्री और पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार पाण्डेय को बताया था। मामला शांत करने के लिए अनुकंपा नियुक्ति का सहारा लिया गया। मृतक के पुत्र को घटना के चंद दिनों में ही अधिकारियों ने अनुकंपा नियुक्ति दे दिया गया है।

### जनकपुर विधायक प्रतिनिधि पर भी लगा मारपीट व गाली-गलौज करने का आरोप

भरतपुर क्षेत्र में कांग्रेसियों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है, पहले ब्लाक अध्यक्ष के पुत्र के द्वारा प्राणघातक हमले से युवक का निधन और उसके बाद भी मन नही भरा तो विधायक गुलाब कमरो के प्रतिनिधि गौरव सिंह के द्वारा मृत युवक के पारिवारिक सदस्य को दाह संस्कार करके वापिस लौटते वक्त मारपीट की घटना भी घटित हुई है,जिससे समझा जा सकता है इस क्षेत्र में सत्ता के संरक्षण में कांग्रेसी किस कदर आतंक मचाये हुए हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के अनुसार अंकुर तिवारी नामक युवक ने बताया कि जब वह अपने भाई सुमित शर्मा का अंतिम संस्कार करके वापिस आ रहा था तभी विधायक प्रतिनिधि गौरव सिंह ने मन्नू भैया की दुकान के सामने मुझे पकड़कर विवाद करते हुए मारपीट करने लगा। अंकुर तिवारी के अनुसार इस क्षेत्र मे कांग्रेसी खुले आम गुंडागर्दी कर रहे हैं, पहले भाई को मारा, यहां की प्रशासन पैसा खा के चुप हो जाती है, कांग्रेसी दादागिरी कर रहे हैं और कुछ भी करने की धमकी दे रहे हैं, युवक ने सरकार से कार्यवाही की मांग की थी।

### सोनहत ब्लॉक अध्यक्ष पर भी मारपीट का आरोप

ब्लॉक अध्यक्ष सोनहत के ऊपर भी मार पीट के आरोप लग चुके है भैसवार क्षेत्र के एक व्यक्ति के साथ जम कर मारपीट और सिरफुटौवल होने का मामला कुछ माह पूर्व प्रकाश मे आया था जिसमे पीड़ित व्यक्ति लहू लुहान हो गया था लेकिन मामले को सत्ता पक्ष के दबाव में थाने से समझौता कर निपटा दिया गया था, सूत्रों की माने तो सोनहत ब्लॉक में भी सब कुछ ठीक नही चल रहा, यहां भी कई गुट सक्रिय होने का नुकसान कांग्रेस को हो सकता है, सूत्रों की माने तो क्षेत्र के कई अधिकारी कर्मचारी भी कांग्रेस संगठन के जिम्मेदारों से नाराज हैं, एक ओर जहां ब्लॉक अध्यक्ष सभी पदाधिकारियों व कांग्रेस जनों को साथ लेकर चलने में सफल नही नजर आ रहे हैं, वही विधायक प्रतिनिधियो का भी हाल कुछ इसी तरह है आम जनता के बीच जाने और उनकी समस्याओं को सुनने की बजाए सिर्फ निर्माण कार्यों में सक्रिय नजर आ रहे हैं, चुनावी समय नजदीक होने के बावजूद भी सिर्फ जिला पंचायत और जनपदों में ही अधिकांस नेता सक्रिय हैं, सभी कांग्रेस पदाधिकारियों की आपसी में ताल मेल भारी कमी दिखाई दे रही है।

### सोनहत विधायक प्रतिनिधि अविनाश भी विधायक की लुटिया डुबाने में मशगूल

वही अविनाश पाठक विधायक के प्रतिनिधि हैं वह अपने विधायक व भूपेश सरकार की योजना को लोगों तक पहुचाने के बजाय उन्हें झूठे आश्वसनों में फसकर अपना उल्लू सीधा कर रहे है यह ठेकेदारी व निर्माण में इतना व्यस्त है कि उनके पास फुर्सत ही नहीं है, सिर्फ एक तरफा से निर्माण कार्यों में ही उनकी दिलचस्पी देखी जा रही है अपने विधायक व सरकार की वापसी हो इस बात की तनिक भी चिंता नहीं है, यही वजह है कि अपने क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता भी कम हो गई है और उन्हें लोग मतलबी विधायक प्रतिनिधि कहने लगे हैं।

### विधायक के निजी सचिव की बढ़ी दूरी अधिकृत इस्तीफा नहीं आया सामने

सोनहत भरतपुर विधायक गुलाब कमरों के निजी सचिव जो मनेंद्रगढ़ से आते हैं उनकी भी दूरी निज सचिव के कार्यों को लेकर बढ़ गई है सूत्रों की माने तो उन्होंने कई महीनों से दूरियां बना ली है पर अभी तक अधिकृत इस्तीफा नहीं दिया है पर चारों तरफ इस बात की चर्चा है कि लगभग वह इस्तीफा देने की ठान ली है अब उन्हें विधायक का साथ रास नहीं आ रहा। अब देखना यह है कि उनका इस्तीफा आता है या फिर पूर्व के निजी सचिव की तरह है फिर से नहीं मैनेज किया जाएगा।

### एक निज सचिव इस्तीफा के बाद विधायक के ऐसे हुए खास की आय अर्जित करने में नाम रहा सामने

एक निजी सचिव ने बहुत पहले इस्तीफा दे दिया था पर इस्तीफा उनका स्वीकार नहीं हुआ अब वह विधायक के इतने खास हो गए की इनके कार्यों से बाकी लोग नाराज दिखने लगे हैं सूत्रों की माने तो निजी सचिव जेसीबी, इनोवा, पिकअप खरीद लिए हैं और इनकी जेसीबी पार्क में चल रही है प्लाट व घर भी इस कार्यकाल में उन्होंने खरीदा है। निज सचिव की आय में वृद्धि हो रही है जो लोगों को कहीं ना कहीं पसंद नहीं आ रहा खासकर उसी पार्टी के प्रतिनिधि व कांग्रेसी नेताओं को।

# श्री रामकथा के पोस्टर का हुआ विमोचन,दो मई से होगी कथा



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 08 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

कटकोना में चल रहे रामचरित मानस गायन वादन महासम्मेलन में देवराहा बाबा सेवा समिति के सदस्य भी शामिल हुए, इस दौरान आगामी 2 मई से प्रेमाबाग परिसर में आयोजित श्री रामकथा के पोस्टर का विमोचन समिति सदस्यों के द्वारा रामायण मंडली एवं महासम्मेलन के सदस्यों से कराया गया।

इस बारे में जानकारी देते हुए देवराहा बाबा सेवा समिति के प्रमुख शैलेष शिवहरे ने बताया कि प्रेमाबाग परिसर में रामकथा का आयोजन आगामी 2 मई से 8 मई तक किया गया है,जिसमे हम सभी का सौभाग्य है कि कामदगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामनन्दाचार्य स्वामी श्री रामस्वरूपाचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम के श्रीमुख से कथा सुनने का अवसर मिलेगा। पहले दिन 2 मई को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी और प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा शुरू होगी। अंतिम दिन 9 मई को हवन और भंडारे का आयोजन होगा। समिति प्रमुख ने बताया कि कटकोना के इस पावन भूमि पर हो रहे रामायण गायन वादन महासम्मेलन में पोस्टर का विमोचन कराने का यही उद्देश्य है कि रामकथा में अधिक से अधिक मंडलियों के साथी भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजक मंडल के साथ ही मंडलियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान देवराहा बाबा सेवा समिति के प्रमुख शैलेष शिवहरे, आशीष शुक्ला, सुभाष साहू, राहुल मिश्रा, विशाल गुप्ता, अभय दूबे, संदीप साहू के साथ ही योगेन्द्र मिश्रा, जयप्रकाश साहू, रंजित यादव, लक्ष्मण नायक, अजीत राय, अखिलेश दिवेदी, अनिल दिवेदी, राजेंद्र प्रसाद सोनी, रविशंकर राजवाड़े, रूपचंद्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में रामायण मंडली के सदस्यों के साथ आयोजक समिति के सदस्य शामिल थे।

आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र
निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.
प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011
Advt.B.19.3.23

# शिव थापा,दीपक भोरिया आईबीए पुरुषों की विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली,08अप्रैल 2023।** छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया आगामी अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) पुरुषों की विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। ताशकंद, उज्बेकिस्तान 30 अप्रैल से 14 मई तक। 2015 में कतर के दोहा में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले शिवा अपने नाम एक और पदक जोड़ने की कोशिश करेंगे। वह 63.5 किग्रा वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दीपक, जो हाल के दिनों में सबसे बेहतर और विकसित मुक्केबाजों में से एक रहे हैं, 51 किग्रा फ्लाईवेट वर्ग में देश की उम्मीदों को कंधा देंगे। उन्होंने 2021 में वैश्विक मंच पर खुद की घोषणा की जब उन्होंने स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में 2016 के रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और 2019 के विश्व चैंपियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन ज़ोइरोव को हराया।

पुरुषों की टीम बहुत कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि उनमें से हर एक देश को गौरवान्वित करेगा। हमने हाल ही में भारतीय महिला मुक्केबाजों को दिल्ली में अब तक का सर्वश्रेष्ठ पदक जीतने में देखा था। विश्व चैंपियनशिप और मुझे उम्मीद है कि हमारे लड़के ढ्ढक्क मेन्स वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एक बार फिर से हमें गौरवान्वित करेंगे।÷ बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा। चैंपियनशिप में फ्रांस के सोफियान ओउमिहा, जापान के टोमोया त्सुबोई और सिवोन्रेट्स ओकाज़ावा, अजरबैजान के लोरेन अल्फोंसो, कजाकिस्तान के साकेन बिबोसिनोव और क्यूबा के योएनलिस हर्नांडेज़ मार्टिनेज और जूलियो ला क्रूज़ सहित सात डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन भी शामिल होंगे।

भारतीय टीम में अनुभवी प्रचारक और 2022 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हसमुद्दीन भी होंगे। वह शोपीस इवेंट में अत्यधिक प्रतिस्पर्धी 57 किग्रा वर्ग में बॉक्सिंग करेंगे।



ताशकंद चैंपियनशिप में पहले ही 104 देशों के लगभग 640 मुक्केबाजों का पंजीकरण हो चुका है। टोक्यो ओलम्पियन और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष चौधरी भी दूसरी बार प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपने नाम एक और बड़ा पदक जोड़ने के इच्छुक होंगे। गोविंद साहनी, जिन्होंने हाल ही में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल बॉक्सिंग टूर्नामेंट में रजत पदक जीता था, 48 किग्रा वर्ग में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस बीच, 2021 वर्ल्ड यूथ चैंपियन सचिन सिवाच 54 किग्रा बेंटमवेट वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह अपने पदकों की संख्या में इजाफा करने के लिए अपनी प्रभावशाली फॉर्म को जारी रखने के लिए बेताब होंगे। इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले युवा मुक्केबाज वरिंदर सिंह (60 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा) और सुमित कुंडू (75 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में भारतीय जर्सी पहनेंगे। चौकड़ी ने 2021 विश्व चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया और इस बार पदक विजेताओं के बीच अनुभव का उपयोग करने की कोशिश करेगी। राजस्थान के रहने वाले हर्ष चौधरी 86 किग्रा वर्ग में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करेंगे, जबकि राष्ट्रीय चैंपियन नवीन कुमार और नरेंद्र बेरवाल क्रमशः 92 किग्रा और 92+ किग्रा में लड़ते नजर आएंगे। स्वर्ण पदक विजेता 200,000 अमरीकी डालर की पुरस्कार राशि के साथ चलेंगे। रजत पदक विजेताओं को 100,000 अमेरिकी डॉलर और दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 50,000 अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे। भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद के लिए रवाना होगी क्योंकि वे विश्व चैंपियनशिप से पहले एक बहु-देशीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। सात ओलंपिक वजन श्रेणियों- 51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा, 92 किग्रा और 92+ किग्रा में प्रत्येक दो मुक्केबाज प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। गोविंद साहनी (48 किग्रा), दीपक भोरिया (51 किग्रा), सचिन सिवाच (54 किग्रा), मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किग्रा), वरिंदर सिंह (60 किग्रा), शिव थापा (63.5 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), सुमित कुंडू (75 किग्रा), आशीष चौधरी (80 किग्रा), हर्ष चौधरी (86 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92+ किग्रा)।

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय भारतीय महिला कोर ग्रूप की घोषणा की

**नई दिल्ली,08अप्रैल 2023।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 33 सदस्यीय कोर संभावित समूह का नाम दिया, जो 9 अप्रैल से 13 मई 2023 तक एसएआई बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, ÷शिविर चीन में एशियाई खेलों से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले अपनी रणनीतियों और संयोजन को बेहतर बनाने के लिए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने में मदद करेगा।÷



नेशनल कैंप के कोर ग्रूप में गोलकीपर सविता, रजनी एतिमारपु, बिचू देवी खारीबाम और बंसारी सोलंकी शामिल हैं। शिविर के लिए नामित रक्षकों में दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकले, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। शिविर के लिए नामित मिडफ़ील्डर निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के और अजमीना कुजूर हैं। फारवर्ड लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान और सुनिलिता टोप्पो भी मुख्य संभावितों में शामिल हैं। ÷पिछले शिविर के बाद जिसमें हम आवश्यक भौतिक उत्पादन के लिए अपनी आधार रेखा स्थापित करने में सक्षम थे और व्यक्तिगत सुधारों को संबोधित करते थे, हम अपनी टीम संरचना और रणनीति में सुधार करना चाहते हैं। इस शिविर के अंत में ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया खेलना हमें आकलन करने में मदद करेगा जहां हमारी तुलना महिला हॉकी के शीर्ष से की जाती है,÷ भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जनेके शोपमैन ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान में कहा।

कोर संभावित समूहः सविता, रजनी एतिमारपु, बिचू देवी खारीबम, बंसारी सोलंकी, दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी फाल्के, अजमीना कुजूर, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान और सुनीता टोप्पो।

# घरेलू पिच पर पंजाब के खिलाफ वापसी करने उतरेंगे सनराइजर्स

**हैदराबाद,08अप्रैल2023।** लगातार दो हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाना होगा. पिछले दो सत्र में आठवें स्थान पर रही सनराइजर्स ने इस बार बेहतर शुरूआत की उम्मीद की थी लेकिन उसे पिछले दो मैचों में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स ने हराया. सनराइजर्स की हार का प्रमुख कारण उसके बल्लेबाजों की नाकामी रही जो दो मैचों में क्रमशः 131 और 121 रन ही बना सके. लगातार विकेट गिरने से टीम लय हासिल नहीं कर सकी . पहले मैच में पावरप्ले में स्कोर दो विकेट पर 30 रन था जो दूसरे मैच में एक विकेट पर 43 रन . लखनऊ के खिलाफ नौ ओवर के बाद 55 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे. नये कप्तान एडेन मार्कराम की वापसी से भी कुछ नहीं बदला . मार्कराम खाता भी नहीं खोल सके .हैरी ब्रूक स्पिनरों को बखूबी खेलने के लिये जाने जाते हैं लेकिन दोनों मैचों में उन्हें स्पिनरों ने ही आउट किया. शीर्षक्रम में सनराइजर्स ने विकेटकीपर अनमोलप्रीत सिंह को पारी की शुरूआत करने भेजा . उन्होंने अच्छी शुरूआत भी की लेकिन राहुल त्रिपाठी और मयंक अग्रवाल लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं. दोनों मैचों में अब्दुल समाद ने आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम को कुछ सम्मानजनक स्कोर दिया. बड़े शॉट खेलने में माहिर हेनरिच क्लासेन को अभी तक मौका नहीं दिया गया है. अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन स्कोर ही इतना कम था कि गेंदबाज कुछ नहीं कर सकते थे. दूसरी ओर दो शानदार जीत के बाद पंजाब के हौसले बुलंद हैं . पहले मैच में उसने डकवर्थ लुईस प्रणाली पर कोलकाता नाइट राइडर्स को सात रन से हराया जबकि गुवाहाटी में राजस्थान को पांच रन से मात दी .

शिखर धवन की कप्तानी में पंजाब के बल्लेबाजों ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया है जबकि अर्शदीप सिंह ने दोनों मैचों में अच्छी गेंदबाजी की . धवन ने दोनों मैचों में अर्धशतक जाये तो प्रभसिमरन सिंह और भानुका राजपक्षा ने भी उपयोगी पारियां खेली. आईपीएल की नीलामी में सबसे महंगे 18.50 करोड़ रूपये में बिके हरफनमौला सैम कुरेन काफी महंगे साबित हुए

# पुष्पा 2 का टीजर जारी,अल्लू अर्जुन के प्रशंसकों मिला को जबरदस्त तोहफा

साउथ सिनेमा के सुपरस्टार अपनी नई फिल्म पुष्पाः द रूल को लेकर छाए हुए हैं. फैंस बेसब्री इस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं.अब अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे से पहले फैंस को स्पेशल तोहफा दिया है. उन्होंने फिल्म पुष्पा 2 का पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वह बेहद खतरनाक लुक में नजर आ रहे हैं. उनका ये लुक चर्चा का विषय बन गया है.



अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को पुष्पाः द रूल के पोस्टर की झलक दिखाई है, जिसमें उनका लुक रौंगटे खड़े कर देने वाला है. पोस्टर में देखा जा सकता है कि अल्लू अर्जुन साउथ इंडियन साड़ी में दिख रहे हैं. उनके गले में नींबू की माला है. एक्टर चूड़ियां, अंगूठी और कई सारे नेकलेस पहने हुए नजर आ रहे हैं. अल्लू ने कमर पर बेल्ट भी पहनी है, जो महिलाएं ट्रेडिशनल कपड़ों के साथ पहनती हैं.पोस्टर में अल्लू अर्जुन का मल्टीकलर मेकअप ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. माथे पर बिंदी लगाई है, जो शिव की तीसरी आंख की तरह दिख रहा है. हाथ में बंदूक थामे अल्लू अर्जुन का ये लुक बेहद डरावना है. पुष्पाः द रूल के इस पोस्टर को देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं और कमेंट सेक्शन में रिएक्शंस दे रहे हैं. मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के बर्थडे से एक दिन पहले पुष्पा 2 से एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है. गौरतलब है कि पुष्पा द राइज साल 2021 के दिसंबर महीने में रिलीज हुई थी. इसमें अल्लू अर्जुन ने चंदन तस्कर पुष्पा का रोल निभाया था. रश्मिका मंदाना के साथ अल्लू अर्जुन की केमिस्ट्री को बहुत पसंद किया गया. इस बार मेकर्स ने पुष्पा 2 को और बड़े लेवल पर बनाया है. पुष्पा द राइज ने दुनियाभर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था. अब देखना है कि पुष्पाः द रूल बॉक्स ऑफिस पर क्या कमाल दिखा पाती है.

# एमी एला ने पिंक डीपनेक लहंगे में शेयर की हॉट तस्वीरें,देसी लुक में नजर आईं बेहद खूबसूरत



भारतीय और ऑस्ट्रेलिया की सुपर हॉट मॉडल और अभिनेत्री एमी एला इन दिनों अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अंदाज को लेकर खूब चर्चाएं बटौर रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। बता दें कि एमी को कैटरीना कैफ की हमशक्ल भी माना जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट गॉर्जियस लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक्ट्रेस एमी एला एक्ट्रेस और मॉडल होने के साथ-साथ एक बहतरीन डांसर भी हैं। वो हर बार अपनी हॉटनेस और सिजलिंग अदाओं के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एमी एला जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो हमेशा इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उन्होंने सिजलिंग पिंक कलर का लहंगा और साथ ही डीपनेक ब्लाउज पहना हुआ है। अभिनेत्री अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लग रही हैं। एमी एला अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई फोटोशूट करवा रही हैं। ओपन हेयर, कानों मे इयरिंग्स और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर एमी एला की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

# सनी सिंह ने किया फिल्म लव की अरेंज मैरिज का ऐलान

बॉलीवुड इंडस्ट्री में आए दिन नई फिल्मों का अनाउंसमेंट होता रहता है। फैमिली एंटरटेनर पसंद करने वाले लोगों के लिए गुडन्यूज है। दरअसल, राज शांडिल्य और विनोद भानुशाली ने मिलकर एक फिल्म बनाने का प्लान किया है और इसका अनाउंसमेंट हो गया है। इस फिल्म का नाम लव की अरेंज मैरिज होगी और इसके डायरेक्शन की जिम्मेदारी इशरत खान के कंधों पर होगी। फिल्म लव की अरेंज मैरिज में लीड स्टार्स के तौर पर सनी सिंह और अवनीत कौर नजर आने वाले हैं। आइए जानते हैं कि इसके अलावा फिल्म कौन-कौन से कलाकार हैं और फिल्म की शूटिंग कब शुरू होने वाली है।डायरेक्टर राज शांडिल्य और प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली ने फिल्म लव की अरेंज मैरिजके लिए हाथ मिलाया है। ये फिल्म फैमिली एंटरटेनर है और इसकी शूटिंग मध्यप्रदेश में शुरू हो गई है। फिल्म लव की अरेंज मैरिज सनी सिंह और अवनीत कौर के अलावा अन्नू कपूर, सप्रिया पाठक, राजपाल यादव, सुधीर पांडे और पारितोष त्रिपाठी नजर आएंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन इशरत खान करेंगी। फिल्म को प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, राज शांडिल्य और विमल लोहाटी के कंधों पर है। बताते चलें कि ये पहला मौका होगा जब सनी सिंह और अवनीत कौर किसी फिल्म में साथ में काम करते नजर आएंगे।




# भारत ने फिर किर्गीस्तान को हराया



## » एएफसी महिला ओलंपिक क्वॉलीफायर दूसरे दौर में

**बिश्केक,08अप्रैल2023।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने मेजबान किर्गीस्तान गणराज्य को 4 0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज के साथ 2024 एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया.

इस सप्ताह पहले मैच में भी भारत ने 5.0 से जीत दर्ज की थी. भारत के लिये संध्या रंगनाथन ने दो जबकि अंजू तमांग ओर रेणु ने एक एक गोल किया. भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी रही और 18वें मिनट में ही संध्या ने गोल कर दिया . कुछ मिनट बाद भारत को झटका लगा जब कार्तिका को लालकार्ड दिखाया गया.

अंजू ने हालांकि 24वें मिनट में गोल करके भारत की बढत दुगुनी कर दी. अंजू और संध्या ने लगातार हमले बोले और भारत कई बार तीसरा गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन हाफटाइम तक स्कोर 2.0 ही रहा. दूसरे हाफ में संध्या ने गोल करके बढत 3.0 की कर दी . स्थानापन्न खिलाड़ी रेणु ने चौथा गोल किया।

# जीटी बनाम केकेआर मैच से पहले गायक आदित्य गढ़वी प्रस्तुति देंगे

**अहमदाबाद,08अप्रैल2023।** गुजराती गायक आदित्य गढ़वी रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रस्तुति देंगे। दोपहर करीब 2 बजे भारतीय समयानुसार मैच से पहले गढ़वी दर्शकों के लिए प्रस्तुति देंगे। उन्होंने गुजरात टाइटन्स का गाना आवा दे गाया है, जो 2022 सीज़न से पहले रिलीज़ किया गया था। गुजरात टाइटन्स आईपीएल 2023 में 9 अप्रैल को अहमदाबाद में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। मैच दोपहर 3ः30 बजे से शुरू होगा।



हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के दौरान अपने पहले सीजन में खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। इंडियन प्रीमियर लीग के चेस मास्टर्स, गुजरात टाइटन्स ने आईपीएल के अपने अल्पकालिक इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्यारह में से अपनी दसवीं जीत हासिल की। जीटी ने मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली की राजधानियों को जीत लिया।

गत चैंपियन ने अपने पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराया। सीएसके और डीसी पर जीत के साथ, जीटी पक्ष लखनऊ सुपर जायंट्स के पीछे दो मैचों में दो जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, जिनके पास तीन मैचों में दो जीत हैं, लेकिन वे बेहतर नेट रन रेट के कारण आगे हैं।















CMYK

# मुख्यमंत्री बघेल ने 33.83 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

**रायपुर,08अप्रैल 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज वैशाली नगर विधानसभा में क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिले में 45 करोड़ 39 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 7 करोड़ एक लाख रूपए के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 38 करोड़ 38 लाख रूपए के बारह विकास कार्यो का भूमिपूजन किए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में 7 करोड़ एक लाख रूपए का लोकार्पण किया, जिसमें सड़क एवं नाली निर्माण के 5 कार्य- वार्ड न. 14 शांति नगर, वार्ड न.15 अम्बेडकर नगर, वार्ड न. 27 शास्त्री नगर, वार्ड न. 10 लक्ष्मी नगर, वार्ड न. 23 घासीदास नगर, वार्ड नं. 26 रामनगर और वार्ड नं.18 प्रेमनगर में नाली एवं रोड निर्माण के लिए एक करोड़ 25 लाख रूपए, वार्ड नं. 23 नया घासीदास नगर, वार्ड नं. 24 नया हाउसिंग बोर्ड में डामरीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ 15 लाख रूपए और वार्ड नं. 27 समता चौक एवं वार्ड नं.24 नया फुटपाथ निर्माण कार्य के लिए 60 लाख रूपए, वार्ड नं. 5 कोसा नगर, बॉम्बे आवास एवं रैश्ने आवास में सीसी रोड के निर्माण कार्य के लिए 60 लाख रूपए तथा वार्ड नं. 7 राधिका नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 40 लाख रूपए का लोकार्पण किया।

**इसी प्रकार खेल मैदान के दो कार्य**

वार्ड नं. 24 नया हाउसिंग बोर्ड में एस्ट्रोटर्फ सह एलईडी लाईट युक्त बैडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य हेतु 10 लाख रूपए, वार्ड नं. 25 नया स्पोटर्स काम्पलेक्स के उन्नयन कार्य के लिए 52 लाख रूपए, वेंडिंग जोन के एक कार्य- वार्ड क्रमांक 25 जवाहर नगर इंदिरा गांधी कॉलेज के सामने वेंडिंग जोन निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रूपए एवं वार्ड नं. 23 नया सुभाष चौक से अमृत मिशन गार्डन तक ग्रीन बेल्ट में चैनलिंक फेंसिग कार्य हेतु 19 लाख रूपए का लोकार्पण किया गया।

इसी प्रकार वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में 38 करोड़ 38 लाख रूपए का भूमिपूजन किया गया, जिसमें सड़क नवीनीकरण के चार कार्य-जोन 01 अंतर्गत वार्ड 4 एवं वार्ड 5 में बाईपास रोड से कोसानगर पुलिया तक डामरीकृत मार्गो का नवीनीकरण कार्य के लिए 98 लाख रूपए, मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत जोन क्रमांक 2 क्षेत्रांतर्गत इंदिरा चौक-दुबे पान पैलेस-भगत चौक-हनुमान मंदिर एवं जोन-02 कार्यालय के आसपास मार्गो में डामरीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए एक करोड़ रूपए, वार्ड क्रमांक 34 शिवशक्ति कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 35 किशन चौक से शीतला मंदिर चौक डामरीकृत मार्गो का नवीनीकरण कार्य के लिए 42 लाख रूपए और वार्ड 18 कान्ट्रेक्टर कॉलोनी शिवनाथ काम्पलेक्स ब्लाक 28 से 21 तक सीमेंटीकरण के लिए 24 लाख रूपए का भूमिपूजन किया।

**तालाब के उन्नयन एवं विकास कार्य -**

वार्ड 13 में भेलवा तालाब का उन्नयन एवं विकास कार्य के लिए एक करोड़ रूपए, वार्ड क्रमांक 26 लाल बहादुर शास्त्री सरोवर का सौंदर्यीकरण कार्य के लिए एक करोड़ 99 लाख रूपए और नाली निर्माण के दो कार्यो-जोन 01 अंतर्गत नेहरू नगर जी.ई.रोड से मिलन चौक एवं व्ही.आई.पी.चौक तक नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य के लिए 71 लाख रूपए, वार्ड 10 लक्ष्मी नगर में सुपेला चौक-राजेन्द्र प्रसाद चौक तक एवं वार्ड 04 नेहरू नगर चौक-के.पी.एस.चौक तक 94 लाख रूपए का भूमिपूजन किया।

नेहरू नगर उद्यान में तारामंडल निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 1 लाख रूपए, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम वाहन शाखा के पीछे अर्बन कॉटेज एवं सर्विस इंडस्ट्रीज पार्क विकास कार्य के लिए 2 करोड़ रूपए, प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व में विश्वस्तरीय सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन के लिए 20 करोड़ रूपए और सिविल हॉस्पिटल सुपेला के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 7 करोड़ रूपए का भूमिपूजन किया।



मोबाइल मेडिकल यूनिट से नगर निगम क्षेत्रों के गरीब परिवारों को स्वास्थ्य जांच के लिए अब भटकना नहीं पड़ता

## भूपेश बघेल ने वैशाली नगर विधान सभा में आम जनता को दी 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट की सौगात

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आज दुर्ग जिले के वैशाली नगर विधानसभा पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 04 मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन किया। इससे शहरी क्षेत्र की स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य जांच में आसानी होगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 5 लैब टेस्ट और जोड़े गए हैं। इनमें सिकलिंग टेस्ट, विडाल टेस्ट, ब्लड ग्रुप टेस्ट, यूपीटी प्रेगनेंसी टेस्ट और मलेरिया टेस्ट शामिल हैं, इससे आम नागरिकों की चिकित्सा सुविधा में और विस्तार होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर शुरू की गई मोबाइल मेडिकल यूनिट से नगर निगम क्षेत्रों के गरीब परिवारों को स्वास्थ्य जांच के लिए अब भटकना नहीं पड़ता। उनके घर के पास ही मेडिकल यूनिट पहुंचने और उसमें निःशुल्क इलाज और जांच से स्लम बस्तियों के लोगों को बड़ी राहत पहुंची है। भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंची शोभा देवी ने मेडिकल मोबाइल यूनिट के बारे में मुख्यमंत्री श्री बघेल को बताते हुए बताया कि तीन देवी मंदिर के पास मेडिकल यूनिट की गाड़ी लगती है। वे हमेशा मेडिकल मोबाइल यूनिट से इलाज कराती हैं, जिसमें एक भी पैसा नहीं लगता।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में शहरी क्षेत्र के स्लम बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। दुर्ग जिले में कुल 13 मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पूरे जिले में 8 हजार 335 शिविर लगाकर 6 लाख 88 हजार 258 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है।



## टीएस सिंह देव ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिया बड़ा बयान

**रायपुर,08अप्रैल 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है. प्रदेश में अभी कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार है. मंत्री टीएस सिंहदेव ने विधानसभा चुनाव को लेकर के बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस 2023 का विधानसभा चुनाव भूपेश बघेल के चेहरे पर ही लड़ेगी. इसके साथ ही उन्होंने भाजपा को लेकर कहा कि उनके पास कोई चेहरा नहीं है.

टीएस सिंहदेव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही आने वाले विधानसभा चुनाव को लीड करेंगे. और मतदाता ये देखेंगे कि कांग्रेस, बीजेपी, आप, जोगी कांग्रेस और एनसीपी जैसे अन्य दलों में बेस्ट कौन है. टीएस सिंहदेव ने कहा कि बीजेपी में इस वक्त कोई चेहरा नहीं दिख रहा है. पहले ऐसा कांग्रेस के लिए कहा जा रहा था कि रमन सिंह बीजेपी के लिए स्थापित चेहरा हैं और कांग्रेस के पास कोई चेहरा नहीं है. लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा किया और बड़े बहुमत के साथ जीत दिलाई. अब बात उलटी है. क्योंकि यहां कांग्रेस के पास एक चेहरा है और विपक्ष के पास कोई चेहरा नहीं है।

## शराबबंदी का फैसला लेना अब कठिन है,बोले टीएस सिंहदेव

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रदेश में शराबबंदी के मुड़े पर फिर से अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। उन्होंने कहा हैं की बहुत सोच समझकर घोषणापत्र में शराबबंदी का फैसला लिया गया था। महिलाओं की तरफ से विशेष तौर पर यह मांग आई थी की शराबबंदी की जानी चाहिए। वही उनका मानना हैं की शराबबंदी का फैसला लेना अब कठिन है। सिंहदेव ने यह भी स्वीकार किया की जो शराबबंदी चाहते हैं वह उन्हें वोट नहीं करेंगे।उन्होंने कहा की अगर भाजपा ने भी वादे पर अमला नहीं किया तो लगता है वोट नोटा में चले जाएंगे। इस तरह उनके बयान ने एक बार फिर से प्रदेश में शराबबंदी की संभावनाओं को धुंधला कर दिया हैं। हालाँकि उन्होंने कल यह भी कहा था की इस पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री स्तर पर ही लिया जा सकेगा। टीएस सिंहदेव ने वृहस्पति सिंह और बैंककर्मी विवाद पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। बकौल सिंहदेव कर्मचारी-अधिकारी पर हाथ उठाना सही नहीं हैं। उन्होंने प्रजातंत्र में हाथ उठाने, पैर चलाने को भी गलत बताया हैं।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शराबबंदी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा


## ईडी के बल पर चुनाव लड़ना चाहती है बीजेपी : भूपेश बघेल



**रायपुर,08अप्रैल 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शराबबंदी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि रमन सिंह ने 15 सालों में क्या-क्या बयान दिया, पूरा किया क्या? लॉकडाउन से समझ आया. लोग नकली शराब से मरे. हम नशाबंदी की तरफ बढ़ना चाहते हैं, लेकिन जब तक समाज इन्वॉल्व नहीं होता, तब तक संभव नहीं है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह (शराब) सामाजिक बुराई है. बात केवल शराबबंदी की नहीं है, हम नशाबंदी की बात कह रहे हैं. हमने कोरोना काल लॉकडाउन के दौरान देखा है. गुडाखू जैसे नशा के लिए छोटे-छोटे दुकान में दस-पांच के डिब्बा को कई सौ रुपया में तो कहीं पचास रुपया में ख़रीद रहे थे.

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अखबारों में छपे विज्ञापन पर तंज कसते हुए कहा कि आज फिर केंद्र का विज्ञापन आया है. लिखे हैं कि जगदलपुर एयरपोर्ट शुरू किए हैं, जबकि राज्य सरकार ने इसे शुरू करवाया. बिलासपुर भी बंद हो गया, उसे फिर से शुरू होना चाहिए. दूसरी बात सौभाग्य योजना का काम हमारे कार्यकाल में अधिक हुआ. सड़कों को देखें, तो हमारे कार्यकाल में ज्यादा अच्छा काम हुआ. श्रेय भारत सरकार लेना चाहती है. जबकि बीजेपी कहती है, यहां कोई काम नहीं हुआ है.सीएम भूपेश बघेल ने ईडी की सक्रियता पर कहा कि बीजेपी ईडी के बल पर चुनाव लड़ना चाहती है. वहीं ट्रेनों के रद्द होने पर कहा कि भारत सरकार एक ट्रेन वंदे भारत चलाकर बाकी ट्रेनें बंद कर रही है. छोटे-छोटे स्टेशनों पर ट्रेनें नहीं है. गरीबों के लिए ट्रेनें बीते दिनों की बात हो गई है.

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को ईस्टर पर्व की दी बधाई



**रायपुर,08अप्रैल2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को,विशेष रूप से मसीही समुदाय के लोगों को ईस्टर पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि ईस्टर का पवित्र दिन हमें यीशु मसीह की शिक्षाओं की याद दिलाता है।

उन्होंने प्रेम, त्याग और करूणा की शिक्षा देते हुए लोगों को मानवता की भलाई के लिए जीना सिखाया। बघेल ने कहा कि प्रभु यीशु मसीही के दिखाए राह पर चलकर सभी सुंदर समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## 10 अप्रैल को रद्द रहेंगी 9 ट्रेन



**रायपुर,08अप्रैल 2023(ए)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर रेल मंडल में खेमाशुलि रेलवे स्टेशन में 5 अप्रैल से रेल रोको आंदोलन चल रहा है । इसके के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ! जिसकी जानकारी इस प्रकार है.

**10 अप्रैल को रद्द होने वाली गाडियाँ ;**

01. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को अहमदाबाद से रवाना होने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
02. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को पुणे से रवाना होने वाली 12129 पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
03. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को कुर्ला से रवाना होने वाली 12101कुर्ला- शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
04. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को पुणे से रवाना होने वाली 12221 पुणे-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
05. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को सीएसएमटी से रवाना होने वाली 12809 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
06. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को सीएसएमटी से रवाना होने वाली 12859 सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
07. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को एलटीटी से रवाना होने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
08. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को एलटीटी से रवाना होने वाली 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी !
09. दिनांक 10 अप्रैल, 2023 को पूरी से रवाना होने वाली 12146 पूरी-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी !

## जूनून ऐसा की घर पर ही बस्तर के युवा ने बना डाली मिनी बाइक

**जगदलपुर ,08अप्रैल 2023 (ए)।** कहते हैं हद से ज्यादा जुनून ऐसे-ऐसे काम करवा देता है जिसकी कल्पना भी आप नहीं कर सकते। ऐसा ही जुनूनी वाक्या इन दिनों शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

दरअसल, 32 वर्षीय युवक ने बचपन के अपने जुनून में मदहोश होकर अपने घर में ही मिनी बाइक बना डाली। तकरीबन ढाई फीट ऊंची और साढ़े चार फीट लम्बी इस बाइक को मिनी स्पोर्ट्स बाइक की शक्ल देने के बाद अब शहर सहित आसपास के जिलों में इनके चर्चे हो रहे।

शहर में फर्राटे से जब इनकी छुटकी गुजरती है तो लोग दांतों तले अंगुलियां दबाने मजबूर हो (ड्ढश्वह्लद्ध ह्द्ब क्चह्वह्लद्धह्ल) रहे। शहर के इंदिरा वार्ड में रहने वाले शादाब आबेदीन बताते हैं कि बचपन से ही उन्हें बाइक का शौक रहा है। सन्नी नाम की स्कूटी मॉडल की दुपहिया को महज 7 वर्ष की आयु में ही देखकर इनके मन में ऐसी ही मिनी बाइक बनाने का जुनून सवार हो चुका थाद्ध तब से लेकर अपने 32 वर्ष की आयु होते तक ये तरह-तरह के जुगाड़ करते रहे और कई जगहों से जानकारी एकत्रित करते रहे। आखिरकार, दिसम्बर 2019 में तय किया कि अब वे इतने काबिल हो चुके हैं कि एक मिनी बाइक बना सकें। फिर क्या था, शादाब निकल पड़े अपने सपने को साकार करने और पहुंच गए कबाड़ी की दुकान में। जी हां, आपने सहीं पढ़ा, कबाड़ी की दुकान से इन्होंने एक सेकेंड हैंड स्कूटी पेप 2009 मॉडल की बंद गाड़ी महज 1500 रुपए में खरीदी ली।




अब शुरू हुआ इस बंद गाड़ी को चालू करने का सिलसिला जिसमें इंजन और वायरिंग सहित अन्य छोटे-मोटे खर्च मिलकर तकरीबन 8 हजार रुपए में चालू हो (ड्ढश्वह्लद्ध ह्द्ब क्चह्वह्लद्धह्ल) गयी। इस मिनी स्पोर्ट्स बाइक को पूरा करने में तकरीबन 30 हजार रुपए खर्च आया।

इस तरह तैयार किया अपनी छुटकी ~ शादाब बताते हैं कि पेप्ट को मिनी स्पोर्ट्स बाइक की शक्ल देने के लिए घर पर ही अपने पिता के वेल्डिंग मशीन और अन्य औजारों की मदद से पहले चेसिस को काट कर छोटा किया। सबसे कठिन कार्य पेप के इंजन सहित अन्य पूर्जों को इस नए चेसिस में लगाने का था जिसे बहुत ही शानदार तकनीकी दीमाग का प्रयोग करते हुए शादाब ने बारीकी से पूरा किया।

इसके बाद ऊंपरी ढांचे को जो कि मेटल और फाइबर से बना हुआ है उसे भी पूरी तरह से हाथ से बनाया गया। बता दें कि प्रत्येक पूर्जे को सहीं ढंग से लगाने के लिए 5-7 मर्तबा कोशिश की गयी तब जाकर आखिरकार इतने सुन्दर मिनी बाइक बन पायी। यही नहीं, वर्ष 2014 में भी शादाब ने बुलेट क्लासिक 350 मॉडल को हार्ले डेविडसन की शक्ल देने में कामयाब हो चुके हैं।

सेल्फी लेने की लगी होड़ ~ इस मिनी बाइक को शादाब छुटकी के नाम से पुकारते हैं. कहते हैं कि गत 04 अप्रैल को जब से अपने घर के गेराज से सड़क पर निकाले हैं तब से ही मोहल्ले सहित शहरवासी इनकी छुटकी के साथ सेल्फी ले रहे हैं. उन्हें खुशी इस बात की है कि अब परिजन अपने बच्चों के लिए ऐसी ही मिनी बाइक बनाने को कह रहे हैं। शादाब का कहना है कि फिलहाल इस बाइक में और काम और बारीकियां बची हुई है जिसे वे सेकंड टॉप मॉडल के रूप में जल्द ही बनाएंगे।

## निश्चलानंद सरस्वती ने राजनेताओं को बताया नक्सली समर्थक



**रायपुर,08अप्रैल2023 (ए)।** पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने नक्सलवाद के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा पक्ष और विपक्ष के राजनेता नक्सलियों के समर्थक है। अगर दोनों समर्थन करना बंद कर दे तो फिर कोई समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा होने के बाद भी अगर समस्या बचती है तो मुझे बताना मै इस समस्या को खत्म कर दूंगा।स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने आगे कहा कि देश में दंगा कराने वाले भी राजनेता ही है। भाजपा शासित राज्य में दंगे क्यों नही होते। उन्होंने सुभाषचंद्र बोस पर बड़ा खुलसा करते हुए कहा कि बोस ही गुमनामी बाबा बनकर देश में घूमते रहे। उनका नेहरू से सौदा हुआ था, अगर सामने आ जाते तो सुभाष को फांसी हो जाती।

## टीएस के बयान पर रमन का पलटवार

**रायपुर,08अप्रैल 2023 (ए)।** रायपुर में छत्तीसगढ़ बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक संपन्न हो गई है. विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई. डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि कार्ययोजना बनाकर सामाजिक सुरक्षा पखवाड़ा मानना है. विधानसभा चुनाव पर फोकस करना है. रमन सिंह ने कहा कि स्थानीय मुद्दों पर फोकस करना है. इस पर कार्य योजना बनी है. स्थानीय मुद्दे को आधार बनाकर आंदोलन होगा. पीएम आवास, शराबबंदी, बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर आम जनता के बीच जाएंगे. वहीं बेमेतरा की घटना पर डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि यह घटना निंदनीय है. छत्तीसगढ़ में पहले ऐसा नहीं हुआ. वहीं मंत्री टीएस सिंहदेव के बयान पर रमन सिंह ने कहा कि यह उनका आपसी मुद्दा है, उनको भी लगता है कि उनको मौका नहीं मिलेगा.



## पुलिस ट्रेनिंग स्कूल माना को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री ट्रॉफी का सम्मान

**» बेस्ट ट्रेनिंग संस्थान में हुआ चयन**



**रायपुर,08अप्रैल 2023 (ए)।** केंद्रीय गृहमंत्री ट्रॉफी के सम्मान के लिए पुलिस ट्रेनिंग स्कूल माना का चयन किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी पत्र के अनुसार सत्रावधि वर्ष 2021-2022 के लिए बेस्ट ट्रेनिंग संस्थान हेतु राज्य के पुलिस ट्रेनिंग स्कूल माना को केंद्रीय गृहमंत्री ट्रॉफी के सम्मान के लिए चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए यह गौरवशाली उपलब्धि है। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने छत्तीसगढ़ पुलिस के संस्थान के चयन पर राज्य के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)